रोहतक

शुक्रवार 9 जनवरी 2026

माघ मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 341
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 17.3
न्यून. 4.0


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | कमजोर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,180.96 | 780.18 ▼ |
| निफ्टी | 25,876.85 | 263.90 ▼ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,40,500/- | 900/- ▼ |
| चांदी | 2,43,500/- | 12500/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 89.94 | 7 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 60.47 बैरल 0.85% ▲

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*







## खबर संक्षेप

### जस्टिस वर्मा केस में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम कदम उठाते हुए संसदीय जांच समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले को लेकर न्यायपालिका और संसद के अधिकार क्षेत्र को लेकर गंभीर संवैधानिक सवाल खड़े हो गए हैं।

### एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुआ ड्रीमलाइनर

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने पहली बार 'लाइन फिट' बोइंग 787-9 विमान की आपूर्ति हासिल की है। यह आठ साल से अधिक समय में विमानन कंपनी के बेड़े में शामिल होने वाला पहला 'ड्रीमलाइनर'है। एयर इंडिया ने 350 एयरबस और 220 बोइंग विमान का ऑर्डर दिया। एयरबस के ऑर्डर में से 6 ए350 विमान पहले ही एयर इंडिया के बेड़े में शामिल किए जा चुके हैं।

# अब 500 फीसदी टैरिफ लगाने की तैयारी में ट्रंप

## रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को दी मंजूरी, अगले हफ्ते संसद में होगा पेश

- सस्ता तेल खरीदने वाले देशों पर दबाव बनाने की रणनीति
- भारत, चीन और ब्राजील जैसे देश फिर निशाने पर
- यूएस पहले से भारत पर लगा चुका 25% एक्स्ट्रा टैरिफ

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। *(पेज 4 भी देखें)*


■ रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री नेटवर्क पर पाबंदियों का प्रावधान

### क्या है सेंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025

इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिंग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है। इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं। मतलब साफ है जो देश भी रूस के साथ घुमावदार रास्ते से कारोबार करेगा, वह भी अमेरिकी कार्रवाई की जद में आ सकता है। विधेयक में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों में फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन के पुनर्निर्माण में इस्तेमाल करने की कानूनी राह तैयार करने की बात कही गई है। इससे युद्ध के नुकसान की भरपाई की जाएगी।

### क्यों लाया गया एसआरए एक्ट

रूस पर प्रतिबंध लगाने के लिए जारी किए गए ट्रम्प के कार्यकारी आदेशों को इस एक्ट के जरिए कानून में बदला जाएगा। भविष्य में कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति अकेले फैसले से इन प्रतिबंधों को नहीं हटा सकता और न ही उनमें कटौती कर सकेगा। अगर किसी तरह की छूट या राहत देनी भी हो, तो उसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। बिल में राष्ट्रपति को विशेष छूट (प्रेसिडेंशियल वेवर) देने का भी प्रावधान है, ताकि डोनाल्ड ट्रम्प को रूस पर दबाव बनाने की ज्यादा ताकत मिल सके।



### बिल को सीनेट में 80% सांसदों का समर्थन

रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने वाला यह बिल एक बाइपार्टिसन यानी द्विदलीय बिल है। यह बिल रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेट सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने मिलकर पेश किया है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम के मुताबिक, इस बिल के अभी 85 सह-प्रायोजक (को-स्पॉन्सर) हैं, यानी सीनेट के 80 प्रतिशत से ज्यादा सांसद इसके समर्थन में हैं।

**भारत की बढ़ सकती हैं मुश्किलें**

- अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद को लेकर पर पहले से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया हुआ है। भारत के निर्यात पर पड़ रहा बुरा असर।
- अगर यह बिल पास हो जाता है, तो दिल्ली के लिए नई मुश्किलें लेकर आ सकता है। अब तक भारत पर कुल 50% टैरिफ लग चुका है।

**निवेशकों के 7.83 लाख करोड़ डूबे**

अमेरिकी शुल्क बढ़ाए जाने की आशंका के बीच शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट आई। सेंसेक्स 780.18 अंक यानी 0.92 प्रतिशत लुढ़ककर 84,180.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 263.90 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 25,876.85 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में मार्केट कैपिटलाइजेशन गिरकर 472.11 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। निवेशकों के 7.83 लाख करोड़ डूब गए।

# अब 'नीव' पोर्टल पर मिलेगा हर यूनिवर्सिटी का डाटा

- ***मुख्यमंत्री ने किया लॉन्च, 20 करोड़ का बजट***
- ***सीएम बोले, शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को ज्ञानसेतु एमओयू एक्सचेंज कार्यक्रम में भाग लिया। एमओयू साइन होने के बाद उन्होंने नीव पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन हरियाणा के शिक्षा क्षेत्र के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश में तेजी से बदलाव हुआ है, जिसकी चर्चा हर तरफ हो रही है। सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी वीसी अपनी यूनिवर्सिटी का डाटा नीव पोर्टल पर अपलोड करेंगे। यूनिवर्सिटी में रिसर्च के लिए भी बजट में 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। रिसर्च करने वाले छात्रों के लिए किसी भी प्रकार की कोई कमी प्रदेश में नहीं है। *(संबंधित खबर पेज-2 पर)*



### 6 हजार गांवों में अब 24 घंटे बिजली

सीएम ने कहा कि प्रदेश की हर पार्टी 24 घंटे बिजली की बात करती थी। आम आदमी भी मांग करता था कि बिजली पूरी मिलनी चाहिए। हमने हर गांव जगमग गांव का विचार किया। आज हरियाणा में 6000 गांवों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे-ऐसे परिवार थे कि जिनके घर में गैस का कनेक्शन नहीं था। बरसात में खाना बनाना मुश्किल था। उन परिवार के घर तक गैस पहुंचाई गई।

# टीएमसी आईटी सेल इंचार्ज के घर-ऑफिस पर ईडी के छापे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग केस में पॉलिटिकल कंसल्टेंट फर्म आई पैक के ऑफिस और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की। प्रतीक ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के आईटी सेल के हेड भी हैं। पश्चिम बंगाल में कोलकाता समेत 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई। कोलकाता में प्रतीक छापेमारी के दौरान घर पर ही मौजूद रहे। यह कार्रवाई सुबह 6 बजे से शुरू हुई थी, लेकिन करीब 11:30 बजे के बाद मामला बढ़ा।



ममता बोलीं- गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे
**ईडी ने कहा ममता बनर्जी अहम सबूत ले गईं**

### सबूत के आधार पर कार्रवाई : एजेंसी

ईडी ने छापे पर ममता बनर्जी ने कहा कि गृहमंत्री मेरी पार्टी के दस्तावेज उठवा रहे हैं। वहीं ईडी ने कहा कि कोलकाता में आई पैक के ठिकानों पर छापे पूरी तरह सबूतों के आधार पर किए जा रहे हैं।

# इंसानी डर पहचानते हैं कुत्ते इसलिए काटते हैं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामलों पर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन ढाई घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने कुत्तों के बिहेवियर को लेकर चर्चा की। जस्टिस नाथ ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं। इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इनकार किया। फिर जस्टिस ने कहा- अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। उधर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि राज्यों ने जो आंकड़े दिए हैं। उनमें से किसी ने यह नहीं बताया कि नगर पालिकाओं की तरफ से कितने शेल्टर चलाए जाते हैं। देश में सिर्फ 5 सरकारी शेल्टर हैं। इनमें से हर एक में 100 कुत्ते रह सकते हैं। हमे इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एनिमल वेलफेयर की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट सीयू सिंह ने कुत्तों को हटाने या शेल्टर होम भेजने पर आपत्ति जताई।



# सोनीपत में घर में घुसे बदमाशों ने युवक की चाकू मारकर हत्या की

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** गांव मल्ला माजरा में बुधवार देर रात बदमाशों ने एक घर में घुसकर युवक की मां के सामने ही उसकी हत्या कर दी। चार नकाबपोश बदमाशों ने लूटपाट का विरोध करने पर 26 वर्षीय साहिल के सीने में धारदार हथियार से हमला किया और घर के गहने व नकदी समेट कर फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। घटना के समय घर में केवल मां और बेटा मौजूद थे। बदमाशों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश किया।



**गहने और नकदी लेकर हुए फरार**
●
**इलाके में दहशत का माहौल, पुलिस जुटी जांच में**

# नाबालिग शूटर से दुष्कर्म आरोपी नेशनल कोच सस्पेंड

**फरीदाबाद।** नाबालिग शूटर ने कोच पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। शूटर का कहना है कि कोच ने उसकी परफॉर्मेंस पर बात करने के बहाने फरीदाबाद के फाइव स्टार होटल के रूम में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बारे में किसी को बताने पर उसका करियर खत्म करने की भी धमकी दी। नाबालिग करीब 21 दिनों तक सदमे में रही। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। उधर, मामले में संज्ञान लेते हुए नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने आरोपी कोच अंकुश भारद्वाज को सस्पेंड कर दिया है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं होगी, अंकुश सस्पेंड रहेंगे।

**होटल में बुलाकर कोच ने की हैवानियत 21 दिन रही सदमे में**

## 30 से 40 लाख खर्च कर यूएस गए, लौटे खाली हाथ

# अमेरिका ने इस बार गुपचुप तरीके से वापस लौटाए हरियाणा के 33 युवा

नरेश पंवार ▶▶ कैथल

ट्रंप सरकार द्वारा एक बार फिर से हरियाणा के युवाओं को झटका दिया है। अमेरिका ने 33 युवाओं को डिपोर्ट किया है। इनमें से 6 युवा कैथल जिले हैं जबकि पानीपत से 2, यमुनानगर से 2, अंबाला से 4, हिसार से 1, जींद से 3, करनाल से 4, सोनीपत से 1 और रोहतक से 1 युवक शामिल है। बताया जा रहा है कि इन युवाओं में से अधिकतर 30 से 40 लाख रुपये खर्च कर अमेरिका गए थे। किसी ने जमीन बेची थी तो तो कई रिश्तेदारों से उधार लेकर गया था। वापस लौटने के बाद उनके परिवारों में मायूसी का माहौल है। घरों में सन्नाटा पसरा है और हर चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही हैं। गोपनीय सूत्रों के अनुसार इस बार डिपोर्ट किए गए युवाओं की पूरी जानकारी गोपनीय रखी गई है। सभी युवाओं को चुपचाप उनके घर पहुंचाया गया। पहले डिपोर्ट होने वाले युवाओं को हरियाणा पुलिस लाकर उनका आपराधिक रिकॉर्ड जांचने के बाद घर भेजती थी, जिसकी जानकारी मीडिया तक पहुंच जाती थी, लेकिन इस बार पूरी प्रक्रिया गुप्त रखी गई। डिपोर्ट होकर लौटे परिजनों का कहना है कि बच्चों के विदेश जाने के लिए उन्होंने अपनी पूरी जमा पूंजी लगा दी थी, अब भविष्य को लेकर चिंता और भी बढ़ गई है।

**फिर लगा झटका**

डिपोर्ट युवाओं में कुरुक्षेत्र के 9 कैथल के 6, अंबाला से 4 लड़के
■
किसी ने जमीन बेची, तो कई रिश्तेदारों से उधार लेकर गया, वापस लौटने के परिवारों में मायूसी का माहौल

### जिला कैथल के ये युवा हुए डिपोर्ट

अमेरिका से वापस भेजे गए युवाओं में सबसे अधिक कैथल के 6 युवा शामिल है। डिपोर्ट होकर लौटने वालों में, गांव धेरडू से सज्जन, ढांड से सोहन लाल, गांव खेड़ी रायवाली से संजीव कुमार, गांव सिसमौर से गुरदेव, गांव सौंगल से साहिल सीवन से अमित कुमार शामिल हैं।





डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. **कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.**

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC/MI/2025-26/18/Hin

# कांग्रेस राज में तराजू में तोलकर देते थे नौकरियां, हमने पर्ची-खर्ची को बंद किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

- नीव पोर्टल के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से की बातचीत
- दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की गुरुओं पर टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के राज में नौकरियां तराजू में तोल कर दी जाती थी। आज प्रदेश में बिना पर्ची-बिना खर्ची मेरिट आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं और अब तक लगभग दो लाख युवाओं को नौकरियां दी गई हैं। मुख्यमंत्री वीरवार को पंचकूला में नेशनल एजुकेशन इवैल्यूएशन एंड वेलिडेशन (नीव) पोर्टल'का शुभारंभ अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

## रोजगार शिक्षा पर फोकस

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का युवाओं को शिक्षा व रोजगार देने पर फोकस है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा गुरुओं पर की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुओं ने धर्म, मानवता और देश की रक्षा के लिए अपनी पीढ़ियों को कुर्बान कर दिया। गुरुओं के प्रति उनकी ऐसी सोच ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गुरुओं की शिक्षा से हमें प्रेरणा और आने वाली पीढ़ियों को ऊर्जा मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा की बजाय शराब के ठेके खोले। महिलाओं के लिए अलग से शराब के ठेके खोले। ऐसा पूरे देश में केवल दिल्ली में हुआ है।

## मुख्यमंत्री बोले- दो लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि आज का दिन हरियाणा के शैक्षणिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा, क्योंकि आज हरियाणा के शिक्षा परिदृश्य को एक नई दिशा मिली है, जो प्रदेश के भविष्य को सशक्त आधार प्रदान करेगी। आज हुए सभी एमओयू का उद्देश्य दूरदर्शी सोच पर आधारित है, ताकि हरियाणा अपनी जड़ों से जुड़ते हुए मजबूती के साथ आगे बढ़ सके। इसी क्रम में 24 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा विजन डॉक्यूमेंट–2047 का शुभारंभ किया गया था। यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन के अंतर्गत है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम: नायब सिंह सैनी



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करना है जो केवल कागजी डिग्रियों तक सीमित न रहे। इस नीति के तहत शिक्षा को कौशल-आधारित बनाया गया है, ताकि युवा शिक्षित होने के साथ-साथ उसके पास ऐसे व्यावहारिक हुनर हों जो उसे आत्मनिर्भर बनाएं और सम्मानजनक आजीविका अर्जित करने में सक्षम करें। इसी सोच के अनुरूप हरियाणा को देश का ग्रोथ इंजन बनाने की बड़ी जिम्मेदारी हम सभी की है और आज हुए एमओयू का लाभ आने वाले समय में प्रदेश की जनता, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में पहली बार शोध (रिसर्च) के लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## ऑटोमोबाइल, शिक्षा और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में जापान के साथ सहयोग का विस्तार होगा



■ मिजुहो बैंक के एमडी से की मुलाकात

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी से यहां सिविल सचिवालय में जापान के मिजुहो बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं इंडिया हेड रयो मुराओ के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। बैठक में हरियाणा में आर्थिक सहयोग को मजबूत करने तथा रणनीतिक निवेश के नए अवसरों की संभावनाओं पर चर्चा हुई।चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के विदेशी सहयोग विभाग के साथ एक एमओयू करने में रुचि व्यक्त की। इसके तहत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में ऑटोमोबाइल विनिर्माण, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं तथा विशेष रूप से वैश्विक स्तर पर तेजी से उभरते सेमीकंडक्टर शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### एचआईवी पीड़ितों को मिल रहा बेहतर इलाज

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश सरकार एचआईवी की रोकथाम और पीड़ितों की देखभाल-सेवाओं को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार भारत सरकार के वर्ष 2030 तक एड्स के खतरे को खत्म करने के लक्ष्य को पाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए व्यापक क्षमता निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा प्रदेश में डेटा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए।

### कल्याण ने पद्मनाभस्वामी मंदिर में दर्शन किए



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने केरल विधान सभा का भ्रमण करने के बाद कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद शिला पहुंच स्वामी विवेकानन्द स्मारक और तिरुअनन्तपुरम में स्थित सुप्रसिद्ध पद्मनाभस्वामी मंदिर के दर्शन किए। वे मंदिर के गर्भगृह में स्थापित भगवान विष्णु की विशाल मूर्ति के सम्मुख नतमस्तक हुए। इस अवसर पर कल्याण ने कहा कि शिला स्मारक स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों और सिद्धांतों का स्मरण करवाता है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं।

### बिजली दरों को लेकर एचईआरसी में सुनवाई

**चंडीगढ़।** नई बिजली दरों को लेकर हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के कोर्ट रूम पंचकूला में गुरुवार को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) द्वारा दायर वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) याचिकाओं पर जनसुनवाई हुई। इस जनसुनवाई में काफी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं ने हिस्सा लिया। हियरिंग में सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व शामिल था। जनसुनवाई की अध्यक्षता एचईआरसी अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा, सदस्य मुकेश गर्ग और शिव कुमार ने की, इस अवसर पर यूएचबीवीएन एमडी मनी राम शर्मा, डीएचबीवीएन के एमडी विक्रम सिंह सहित निगमों एवं एचईआरसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध खनन रोकने के लिए अभियान चलेगा

**पंचकूला।** उपायुक्त सतपाल शर्मा ने एसडीएम पंचकूला व एसडीएम कालका व खनन अधिकारी को पुलिस को साथ लेकर जिले में अवैध माइनिंग को रोकने के लिए अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा वाहनों को इम्पाउंड करने व उनके चालान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने लघु सचिवालय के सभागार में बृहस्पतिवार को अवैध खनन को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर अवैध माइनिंग को रोकने के निर्देश दिए।

### विस स्पीकर का फोटो विज्ञापन में छापने की जांच करेंगे उपायुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा सचिवालय ने विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की फोटो का व्यावसायिक विज्ञापनों में प्रयोग करने पर कड़ा संज्ञान लिया है। यह विज्ञापन उनकी सहमति के बिना प्रकाशित किया गया था। सचिवालय ने जिला उपायुक्त को पत्र लिख कर इस संबंध में त्वरित जांच तथा आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। बताया गया है कि करनाल जिले के घरौंडा के प्रोपर्टी डीलिंग फर्म ने नववर्ष के मौके पर समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जो कि व्यावसायिक उपयोग के उद्देश्य से प्रकाशित किया गया था। इस विज्ञापन में विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की फोटो को उनकी अनुमति के बिना इस्तेमाल किया गया है।

**हिसार गवर्नमेंट कॉलेज की एलुमनी मीट में शनिवार को शिक्षकों और सहपाठियों से मिलेंगे**

# जिस कॉलेज में पढ़े उसी में मुख्य अतिथि बनकर पहुंचेंगे सीजेआई

■ चीफ जस्टिस सूर्यकांत का दो दिन का कार्यक्रम, सरकार करेगी स्टेट डिनर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- सीजेआई के साथ लगभग 50 न्यायाधीशों के आने की संभावना
- हिसार में उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच स्थापित करवाने की रखी जाएगी मांग
- सीजेआई के दौरे को लेकर जिले की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद




चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत के 9 जनवरी को हिसार व हांसी में दो दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। सीजेआई सूर्यकांत शुक्रवार को दोपहर बाद पहुंचेंगे और दो दिन तक वे हिसार व हांसी में कई कार्यक्रमों में शिकरत करेंगे। प्रदेश सरकार सीजेआई सूर्यकांत के सम्मान में स्टेट डिनर दे रही है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत के साथ पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की पूरी न्यायिक गरिमा का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 50 न्यायाधीशों का आगमन होगा। प्रशासन तथा आयोजकों द्वारा सीजेआई व उनके साथ उनके वाले अतिथियों के स्वागत की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। सीजेआई अपने प्रवास के दूसरे दिन विशेष रूप से गवर्नमेंट कॉलेज में आयोजित एलुमनी मीट में पहुंचेंगे, जहां वे अपने गुरुजनों तथा कॉलेज के पुराने मित्रों के साथ कॉलेज की यादें ताजा करेंगे। सीजेआई के कार्यक्रमों को देखते सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं। उनके कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

### पैतृक गांव पेटवाड़ में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा

सीजेआई सूर्यकांत अपने प्रवास की शुरुआत शुक्रवार की दोपहर बाद हांसी बार एसोसिएशन द्वारा कोर्ट परिसर में आयोजित अभिनंदन समारोह से करेंगे। सम्मान समारोह में बार एसोसिएशन द्वारा सीजेआई सूर्यकांत के समक्ष हिसार में उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच स्थापित करवाने सहित विभिन्न मांगें भी रखी जाएंगी। हांसी में कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत हिसार जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके अलावा वे अपने पैतृक गांव पेटवाड़ में में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### इधर, हाईकोर्ट को मिले दो न्यायाधीश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के दो न्यायिक अधिकारियों को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में अतिरिक्त जज नियुक्त किया गया है। गुरुवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागु ने रमेश चंद्र डिमरी और नीरजा कुलवंत कलसन को शपथ दिलाई। कलसन ने हिंदी तो डिमरी ने अंग्रेजी में शपथ ली। इन नियुक्तियों के साथ हाईकोर्ट की कार्यरत जज संख्या बढ़कर 61 हो गई है, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या 85 है। जिसमें 64 पद स्थाई व 21 अतिरिक्त जज के है। अभी भी 24 पद खाली रह गए है। हाईकोर्ट में लंबे समय से लंबित मामलों को देखते हुए इन नियुक्तियों को अहम माना जा रहा है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के अनुसार,लंबित मामलों की संख्या 421,085 है। अतिरिक्त जजों की नियुक्ति से लंबित मामलों का निपटारा जल्दी से होगा।

### शहद उत्पादन भी भावांतर भरपाई योजना में शामिल

**चंडीगढ़।** सरकार ने मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद के लिए संरक्षित मूल्य तय किया है।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय राज्य सरकार की किसान हितैषी सोच और कृषि से जुड़ी सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योजना के अंतर्गत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है।

### म्यूटेशन के लिए 'जलसा ए-आम' अभियान शुरू

**चंडीगढ़।** जन सुविधाओं को सुदृढ़ करने और नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूती देने की दिशा में हरियाणा सरकार ने समयबद्ध राज्यव्यापी अभियान 'जलसा-ए-आम' शुरू किया है। इसके तहत सभी लंबित म्यूटेशन मामलों का निपटान किया जाएगा। साथ ही एग्रीस्टैक के क्रियान्वयन, डिजिटल राजस्व सुधारों, भूमि विभाजन मामलों के निस्तारण, अंतर-राज्य सीमा चिह्नांकन तथा व्यापक शीतलहर तैयारियों को गति दी जाएगी।

### स्वतंत्र डाइंग प्रोसेसिंग इकाइयों पर टेक्सटाइल सेस नहीं लगेगा

■ हाईकोर्ट का प्रोसेसिंग इकाइयों पर बड़ा फैसला

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि स्वतंत्र डाइंग और प्रोसेसिंग इकाइयों पर टेक्सटाइल कमेटी सेस नहीं लगाया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि जाब-वर्क के आधार पर कपड़े की प्रोसेसिंग करना टेक्सटाइल कमेटी अधिनियम, 1963 के तहत निर्माण (मैन्युफैक्चरर) नहीं माना जा सकता।हाई कोर्ट के जस्टिस जगमोहन बंसल और जस्टिस अमरिंदर सिंह ग्रेवाल की खंडपीठ ने वरुण फेब कंपनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि विभाग द्वारा केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम से निर्माण की परिभाषा उधार लेकर टेक्सटाइल सेस लगाना कानूनन गलत है।खंडपीठ ने कहा, 1963 के अधिनियम में किसी विशेष परविधान के अभाव में केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, जो एक स्वतंत्र कानून है।

### धर्म के नाम पर वोट मांगने की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट का स्टे

■ कांग्रेस नेता दलाल की याचिका लंबित रहेगी

**चंडीगढ़ ।** धर्म के आधार पर वोट मांगने संबंधी याचिका में हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री व पलवल के विधायक गौरव गौतम की अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने करण सिंह दलाल की याचिका पर हाई कोर्ट में चल रही प्रोसिडिंग पर स्टे लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट से स्टे रहने तक अब करण दलाल की याचिका हाईकोर्ट में लंबित रहेगी। बता दें कि अक्टूबर 2024 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में पलवल से भारतीय जनता पार्टी के कैंडिडेट गौरव गौतम ने कांग्रेस के कैंडिडेट करण सिंह दलाल को बड़े अंतर से चुनाव हराया था। चुनाव परिणाम के लगभग एक माह बाद दलाल ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।

### युवा सम्मेलन के लिए इनेलो ने जिला प्रभारी किए नियुक्त

**चंडीगढ़।** जींद के नरवाना में छह फरवरी को होने वाले युवा सम्मेलन के लिए इंडियन नेशनल लोकदल ने जिला प्रभारी नियुक्त किए हैं। युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी कर्ण चौटाला 15 जनवरी से जिला स्तरीय बैठकों की शुरूआत करेंगे। यह जिला स्तरीय बैठकें 5 फरवरी तक चलेंगी। कर्ण चौटाला सभी 23 जिलों में जाकर युवाओं की बैठक लेंगे और 6 फरवरी को आयोजित होने वाले युवा सम्मेलन के लिए निमंत्रण देंगे। प्रभारियों की सूची - डबवाली से विधायक अदित्य देवीलाल को महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी, रानियां से विधायक अर्जुन चौटाला को सिरसा और फतेहाबाद, प्रदेश प्रधान महासचिव गौरव संपत सिंह को हिसार, भिवानी, हांसी और दादरी में युवाओं का न्योता देंगे।

### सरकार का रोजगार मॉडल फेल, बाहर वालों को मिल रहीं नौकरियां : कटारिया



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस कमेटी कार्यालय में हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने सरकार पर रोजगार के मुद्दे को लेकर तीखा हमला बोला व कहा कि सरकार के रोजगार देने के दावे पूरी तरह फर्जी साबित हो रहे हैं. सभी बड़ी भर्तियां या तो कोर्ट में फंसी हुई हैं या फिर जानबूझकर अधूरी छोड़ी जा रही हैं। चंडीगढ़ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान निशित कटारिया ने आरोप लगाया कि हरियाणा आज बेरोजगारी में शीर्ष पर है, लेकिन जो भी सरकारी नौकरियां निकलती हैं उनमें प्रदेश के युवाओं को प्राथमिकता नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि नौकरी बाहर वालों को और ठोकर अपनों को देने की नीति अपनाई जा रही है। जिससे प्रदेश के युवा आहत है।


## एग्रो मॉल, रोहतक की दुकानों के संबंध में विकल्प (रखने/सरेंडर करने) हेतु सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक रूप से एग्रो मॉल, रोहतक की दुकानों के सभी आवंटियों की जानकारी हेतु यह बताया जाता है कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (HSAMB) द्वारा, मंत्रिपरिषद की दिनांक 08.12.2025 की बैठक में अनुमोदन के उपरांत, दुकानदारों की शिकायतों के समाधान हेतु एक योजना/नीति लागू की गई है।

उक्त योजना के अंतर्गत आवंटियों को निम्नलिखित दो विकल्प प्रदान किए गए हैं :

**पहला विकल्प (क) दुकान सरेंडर करना :**

जो आवंटी अपनी आवंटित दुकान को रखना नहीं चाहते हैं, वे दुकान सरेंडर कर सकते हैं तथा उन्हें जमा की गई राशि पर 7% वार्षिक ब्याज सहित रिफंड (जमा तिथि से भुगतान तिथि तक) निर्धारित शर्तों के अधीन दिया जाएगा।

**दूसरा विकल्प (ख) दुकान बनाए रखना :**

जो आवंटी अपनी दुकान बनाए रखना चाहते हैं, उन्हें HSAMB द्वारा निर्धारित भुगतान अनुसूची के अनुसार बकाया राशि जमा करनी होगी, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सभी संबंधित आवंटियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपना विकल्प रु. 100/- के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट से सत्यापित करवाकर, मार्किट कमेटी रोहतक के कार्यालय में, व्यक्तिगत नोटिस में निर्धारित समयावधि के भीतर जमा करवाएं।

यद्यपि व्यक्तिगत नोटिस इस कार्यालय में उपलब्ध पते के अनुसार पृथक-पृथक रूप से भेजे जा रहे हैं, फिर भी कोई भी आवंटी इस संबंध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय के दौरान मार्किट कमेटी रोहतक के कार्यालय से संपर्क कर सकता है।

यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई विकल्प प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि संबंधित आवंटी ने दुकान बनाए रखने (विकल्प-ख) का चयन किया है तथा आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।

यह सार्वजनिक सूचना व्यापक प्रचार एवं अनुपालन हेतु जारी की जाती है।

**हस्ता/- सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी,**
**मार्किट कमेटी रोहतक**



## उत्तर रेलवे

ई-निविदा

**खुली निविदा संख्या 49-अम्बाला/2025-26 दिनांक 07.01.2026**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नाम:** बरवाला (BXC) स्टेशन पर 3 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का प्रावधान।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 79,85,048 | 1,59,700 | 12 महीने | 30.01.2026 |

2 **कार्य का नाम:** अंबाला डिवीजन में LDH-DUI सेक्शन पर LC नंबर C-29 और C-52 तथा BTI-SGNR सेक्शन पर LC नंबर 48 के इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर IPS लगाने का प्रावधान। (केवल सिविल कार्य)

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 53,55,789 | 1,07,100 | 08 महीने | 30.01.2026 |

3 **कार्य का नाम:** ADEN/SRE के अंतर्गत SRE-UMB सेक्शन पर KM 221/7-10 पर Br. No. 260 UP (3x12.04M) और DN (3x12.04M) के PSC स्लैब के साथ स्टील गर्डर का प्रतिस्थापन।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 2,00,72,823 | 2,50,400 | 12 महीने | 30.01.2026 |

4 **कार्य का नाम:** अंबाला डिवीजन (एलसी संख्या 43सी, 51ए और 72सी एसआईआर – डीएलपीसी अनुभाग) पर शेष इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग पर आईपीएस के प्रावधान के संबंध में सिविल कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 75,15,197 | 1,50,300 | 06 महीने | 30.01.2026 |

5 **कार्य का नाम:** "एडीईन/एसएमएल के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/केएलके के सेक्शन में आर्च पुलों के सुदृढ़ीकरण सहित सम्पवेल के फर्श (फ्लोरिंग), पुलों के अप्रोच एवं जलमार्ग, कैच वाटर ड्रेन्स, साइड ड्रेन्स का सुधार, अवरुद्धध जलमार्गों की सफाई, पैरापेट तथा दीवारों की प्वाइंटिंग का कार्य।"

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1,98,62,282 | 2,49,300 | 12 महीने | 30.01.2026 |

6 **कार्य का नाम:** "एडीईएन/एसएमएल के अधीन SSE/W/SML के सेक्शन में आर्च पुलों के सुदृढ़करण सहित समपवेल (Sumpwell) की फ्लोरिंग, अप्रोच एवं जल मार्ग (Water Way) का सुधार, कैच वाटर ड्रेन्स, साइड ड्रेन्स, अवरुद्धध जल मार्गों की सफाई, पैरापेट तथा दीवारों की प्वाइंटिंग का कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1,79,68,877 | 2,39,900 | 12 महीने | 30.01.2026 |

**नोट:-** **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **77/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | हॉट ट्रांसफॉर्मर के तौर पर 220 केवी सब स्टेशन, चोरमार में अतिरिक्त 100 एमवीए 220/33 केवी ट्रांसफॉर्मर का प्रावधान। ट्रांसफॉर्मर के 220 केवी साइड से ऊर्जाकृत रखा जाना है और सब स्टेशन के 33 केवी बस सहित इसकी कनेक्टिवटी के लिए प्रावधान रखना होगा (टो वॉल, पीसीसी का बकाया कार्य, ग्रेवल की आपूर्ति व बिछाना) (हिसार) | 06.01.2026 19.01.2026 | रु. 10,01,103/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | कम्पोजिट पॉलीमर रबर इंसुलेटर स्ट्रिंग्स सहित 220 केवी सिरसा–मताना लाइन के सामान्य पोर्सलेन डिस्क इंसुलेटर्स को बदलना। | 06.01.2026 15.01.2026 | रु.16,01,120/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | स्कोप (एचएसआर) के अनुरूप 66 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल, औद्योगिक क्षेत्र अम्बाला कैंट में आवासीय भवन क्षेत्र के निकट इंटरलॉकिंग टाइल्स का प्रावधान व बिछाना। | 07.01.2026 15.01.2026 | रु. 4,12,757/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | हिसार में एकीकृत उड्डयन हब के विकास की वजह से संशोधित रूट में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन की शिफ्टिंग / रि-अलाइनमेंट। | 07.01.2026 02.02.2026 | ईएमडी रु.195.12 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/41871/I/88/6 दि. 08.01.26



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारनौल

अभियोग संख्या 246 दिनांक 09-10-2025 धारा 127 (6) BNS
थाना सदर नारनौल



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**– राकेश कुमार
**पिता का नाम**– राजबीर
**पता**–चिन्डालिया, थाना सदर नारनौल
**कद**– 5 फुट 9 इंच
**हुलिया**– रंग गेहुँआ, गोल चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, आसमानी रंग की टीशर्ट और नीली जींस व पैरों में जूते पहने हुए, उम्र 35 साल

दिनांक 25-09-2025 को राकेश कुमार पुत्र राजबीर निवासी चिन्डालिया, थाना सदर नारनौल, घर से ड्यूटी पर जाने के लिए गया था, लेकिन वह अपनी यूनिट और ड्यूटी पर नहीं पहुंचा, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

**1. प्रबंधक थाना सदर नारनौल 7056606013**
**2. पुलिस कंट्रोल रूम नारनौल - 7056606002**
**3. प्रभारी गहली चौकी- 7056606024**

पीआरडीएच–1084/11/4330/2026/41859/88/6 दि. 08.01.26



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में हरनोल खेड़ी लखा सिंह रोड से अकबरपुर (आईडी 639) कि.मी. 0.00 से 0.20 तक मौजूदा रोड की शिफ्टिंग। | 07.01.2026 14.01.2026 | 8.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लघु सचिवालय फतेहाबाद और रिकॉर्ड रूम की मेन एलटी केबल्स को बदलना (एलटी पैनल और सम्बद्ध कार्य का प्रावधान)। | 06.01.2026 12.01.2026 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | जीन्द जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, जीन्द में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं (15 पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 07.01.2026 14.01.2026 | 22.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | व्यायामशाला बालरोड को पूरा करना। | 01.01.2026 15.01.2026 | 21.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव नोरंगाबास राजपूतान में अकोदा–कादमा मेन रोड से भागीरथ सरपंच की ढाणी तक गली का निर्माण, एचआरडीएफ। | 01.01.2026 15.01.2026 | 66.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बिगोवा (निकट केदारा) में आईपीबी सहित फिरनी की पेवमेंट, एचआरडीएफ + 4 कार्य। | 01.01.2026 15.01.2026 | 203.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज नारनौल | बेघपुर ब्लॉक अटेली नांगल – जी.आई. पेयजल पाइप लाइन का प्रावधान व बिछाना + 2 कार्य। | 05.01.2026 12.01.2026 | 101.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 8 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, रोहतक | श्रम ढुलाई और परिवहन। | 08.01.2026 13.01.2026 | | https://haryanafood.gov.in | 9467511722 dfscroh@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | झोरांवाली :- गांव झोरांवाली जिला सिरसा में ढाणी जम्मू में जलापूर्ति पाइप लाइन का प्रावधान व बिछाना, स्लुइस वॉल्व हौदियां, फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 06.01.2026 20.01.2026 | 85.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 10 | वन विभाग चरखी दादरी | वानिकी कार्य न्यूज प्लांटेशन कादमा ब्लॉक + 3 अन्य कार्य। | 06.01.2026 12.01.2026 | 56.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901296600 dfodadri@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/200/41870/I/88/6 दि. 08.01.26

## खबर संक्षेप



### रानियां के खेत में मिला पाकिस्तान लिखा गुब्बारा

**सिरसा।** रानियां कस्बा में वीरवार को एक संदिग्ध गुब्बारा मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैसल खान मौके पर पहुंचे और गुब्बारे को अपने कब्जे में लिया। गांव मतुवाला निवासी किसान मदन लाल सुबह अपने खेत में पहुंचे तो उन्होंने गुब्बारा देखा जिस पर एक तरफ पाक लिखा हुआ था जबकि दूसरी तरफ पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस अंकित था। किसान मदन लाल ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। जिस पर जीवननगर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और इसके बाद सिरसा से एएसपी फैसल खान भी मौके पर पहुंचे और गुब्बारे को कब्जे में लिया है। एएसपी फैसल खान का कहना है कि इस तरह के गुब्बारे पहले भी जिला के क्षेत्र में मिले हैं।

### हार्पिक की नकली बोतलें रखने पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के खेड़ा मोहल्ला स्थित आदित्य ट्रेडर्स पर जांच के दौरान नकली हार्पिक के 62 पीस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अम्बा बागथाना सराय रोहिल्ला निवासी पुनीत ढींगरा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे पता चला था कि यमुनानगर के खेड़ा मोहल्ला में नकली हार्पिक बेचा जा रहा है। जब उसने शहर के खेड़ा मोहल्ला स्थित आदित्य ट्रेडर्स की दुकान पर पहुंचकर जांच की तो वहां से गत्ते की पेट्टी में हार्पिक के 200 एमएल के 43 पीस और 500 एमएल के 19 पीस बरामद हुए। जब उसने दुकान संचालक विक्रांत कुमार से बात की तो उसने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया।

### 21 से होंगी बोर्ड की विशेष अंक सुधार परीक्षा

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) विशेष अंक सुधार परीक्षा जनवरी-2026 की परीक्षाएं 21 जनवरी से संचालित करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। परीक्षाओं का तिथि-पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। यह जानकारी बोर्ड अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं सचिव मुनीश शर्मा ने संयुक्त रूप से दी। बोर्ड अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर एवं सचिव मुनीश शर्मा ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) विशेष अंक सुधार परीक्षा जनवरी-2026 का आयोजन 21 से 31 जनवरी तक करवाया जाएगा। परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। परीक्षा के लिए लगभग 2600 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षाएं प्रदेशभर में छह परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित करवाई जाएंगी, जिसमें दो हिसार, एक गुरुग्राम, एक रोहतक, एक करनाल व एक परीक्षा केन्द्र भिवानी में स्थापित किया गया है।

## नूंह में सैकड़ों उपद्रवियों का बवाल, एक दर्जन घायल

# क्रिकेट मैदान की लड़ाई सड़क पर आई, एक घंटे तक चले पत्थर

**रोड पर रहा दहशत का माहौल, एक पक्ष छत से पत्थर बरसा रहा था तो दूसरा नीचे सड़क से, वाहन चालकों को मजबूरन बदलना पड़ा रास्ता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

क्रिकेट मैदान में बॉल को लेकर हुआ विवाद दो पक्षों में बड़े खूनी संघर्ष में बदल गया। फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव महू चोपड़ा में दोनों तरफ से जमकर पथराव किया गया। इस पथराव में दोनों तरफ के दर्जन भर लोगों को चोटें आई हैं।

पत्थरबाजी के दौरान सड़क पर भी जाम की स्थिति बनी रही क्योंकि एक पक्ष सड़क पर डटा हुआ था तो दूसरा छतों पर था। पत्थरबाजी के बीच वाहन चालक मुश्किल से खुद को बचाते हुए निकले। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। शांति बनाने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।



**नूंह।** सड़क पर एक-दूसरे पर पत्थरबाजी करते उपद्रवी।

जानकारी के मुताबिक गांव महू चोपड़ा में पूर्व सरपंच जाकिर व उसके पड़ोसी फारूक की रंजिश चली आ रही है। क्रिकेट मैच के दौरान क्रिकेट बॉल को लेकर गुरुवार करीब 2 बजे दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों तरफ से सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए और पत्थरबाजी शुरू हो गई। फारूक पक्ष के लोग छत के ऊपर से पथराव कर रहे थे तो वहीं पूर्व सरपंच जाकिर पक्ष के लोगों ने नीचे से पथराव किया।

### फुटेज से पहचान

पथराव के दौरान मुख्य मार्ग जाम रहा। वाहनों के चालकों को बड़ी मुश्किल से जान बचाकर वहां से निकलना पड़ा। पथराव होता देखकर कुछ वाहन चालक पीछे से ही लौट गए। झगड़े के दौरान दोनों पक्षों में जमकर पथराव हुआ। लगभग एक घंटे तक दोनों पक्षों में सड़क के दोनों ओर खड़े होकर और दुकानों की छतों पर चढ़कर खूब पत्थरबाजी हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस तक भी यह वीडियो पहुंच गया है, जिसके आधार पर पथराव करने वालों की पहचान की जा रही है।

## एचएसजीएमसी द्वारा पारित बजट को लेकर बढ़ा विवाद

# दादूवाल ग्रुप के 5 मेंबरों को रजिस्टर न दिखाने पर हुआ जमकर हंगामा

- प्रधान जगदीश सिंह झींडा व दादूवाल में तनातनी, बुधवार को बजट बैठक में धर्म प्रचार कमेटी से दादूवाल को हटाया गया
- कार्यवाही रजिस्टर न दिखाने पर दादूवाल गुट ने मुख्यालय में बुलाई पुलिस, काफी देर तक होती रही बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा द्वारा बुधवार को पेश किए गए बजट के बाद अब विवाद बढ़ गया है। वीरवार को बलजीत सिंह दादूवाल ग्रुप के 5 मेंबर कुरुक्षेत्र में हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मुख्यालय में पहुंचे और पास हुए बजट को लेकर रजिस्टर दिखाने की डिमांड की ताकि पता चल सके कि क्या-क्या प्रस्ताव पास किए गए हैं। रजिस्टर न दिखाने पर हंगामा बढ़ गया और पुलिस बुलानी पड़ी।

बता दें कि कमेटी के मौजूदा प्रधान जगदीश सिंह झींडा और धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन बलजीत सिंह दादूवाल के बीच बढ़ता हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को बजट के अंदर बाकायदा प्रस्ताव पास किया गया कि धर्म प्रचार कमेटी से बलजीत सिंह दादूवाल को हटा दिया गया है। उधर, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चीफ सेक्रेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर ने कहा कि



**कुरुक्षेत्र।** एचएसजीएमसी मुख्यालय के बाहर तैनात पुलिस।

आज एचएसजीएमसी के 5 मेंबर्स, जिनमें गुरमीत सिंह वरिष्ठ उप प्रधान, बीबी करतार कौर, गुरमीत सिंह, स्वर्ण सिंह बुंगा टिब्बी, राजेंद्र सिंह ने कमेटी कार्यालय में चीफ सेक्रेटरी के दफ्तर में रजिस्टर की कार्रवाई चेक करने के लिए रजिस्टर मांगा था, जो अभी तक नहीं दिखाया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधान जगदीश सिंह झींडा की अनुमति के बाद ही रजिस्टर दिखाया जा सकता है। दूसरी ओर विवाद बढ़ता देख दादूवाल ग्रुप के पांच मेंबर्स ने पुलिस बुला ली और फिर बंद कमरे में काफी देर तक रजिस्टर चेक करने को लेकर विवाद चलता रहा। प्रदेश स्तरीय कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया और कोई झगड़ा न हो इसको देखते हुए भारी पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। समाचार लिखे जाने तक विवाद में कोई समझौता नहीं हो सका था।

## निगम चुनाव के लिए कांग्रेस ने गठित की चुनाव समिति

# हुड्डा-सैलजा-सुरजेवाला संभालेंगे निगम चुनाव की कमान

- अंबाला-पंचकूला-सोनीपत में होने हैं नगर निगम चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में वर्ष 2026 में होने वाले अंबाला, पंचकूला एवं सोनीपत नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि कांग्रेस नगर निगम चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेगी। इसी क्रम में पार्टी ने चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से एक विशेष चुनाव समिति का गठन किया है।



इसमें राव नरेंद्र सिंह, अध्यक्ष, एचपीसीसी ,चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, नेता, सीएलपी, सैलजा, सांसद एवं महासचिव, एआईसीसी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद एवं सदस्य सीडब्ल्यूसी जितेंद्र बघेल, सचिव, एआईसीसी एवं सह-प्रभारी, प्रफुल्ल गुड्डे, सचिव, एआईसीसी एवं सह-प्रभारी, हरियाणा, चौ. धर्मपाल सिंह मलिक, पूर्व अध्यक्ष, एचपीसीसी, वरुण चौधरी सांसद,सतपाल ब्रह्मचारी सांसद, विधायक चंदरमोहन, विधायक निर्मल सिंह, विधायक शैली चौधरी, विधायक पूजा चौधरी, विधायक विधायक इंदु राज नरवाल, संजय चौहान, डीसीसी अध्यक्ष, पंचकूला, पवन अग्रवाल, डीसीसी अध्यक्ष, अंबाला, दुष्यंत चौहान, डीसीसी अध्यक्ष, अंबाला ग्रामीण, परविंदर सिंह परी, डीसीसी अध्यक्ष, अंबाला कैंट,कमल देवन, डीसीसी अध्यक्ष, सोनीपत शहरी, संजीव कुमार दहिया, डीसीसी अध्यक्ष, सोनीपत ग्रामीण, कुलदीप शर्मा, पूर्व स्पीकर, चौ. राम किशन गुज्जर, पूर्व सीपीएस, जगबीर सिंह मलिक, पूर्व मंत्री,जयवीर सिंह बाल्मीकि, पूर्व सीपीएस, प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक जसबीर सिंह मलौर, पूर्व विधायक जय तीर्थ दहिया, पूर्व विधायक ,सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक,सुखबीर फरमाना, पूर्व विधायक, पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक,जय भगवान आंतील, सुधा भारद्वाज, अध्यक्षा, एचपीएमसी, निशीत कटारिया, अध्यक्ष, एचपीवाईसी, पूनम चौहान, मुख्य आयोजक, सेवादल हरियाणा, अवतार सिंह, अध्यक्ष, एनएसयूआई को शामिल किया गया है।

## उड़ीसा से अंतरराजीय नशा तस्कर निलांचल को किया गिरफ्तार



**फतेहाबाद।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने 24.955 किलोग्राम अवैध गांजा तस्करी के मामले मे कार्रवाई करते हुए उड़ीसा से चौथे आरोपी नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। यूनिट प्रभारी उप-निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि एएसआई महेश कुमार के नेतृत्व में यूनिट की एक टीम ने अंतरराजीय नशा तस्कर निलांचल सुनामुंडी को काबू किया है। आरोपी को रायगढ़ा रेलवे स्टेशन, उड़ीसा से गिरफ्तार किया गया है। यूनिट प्रभारी ने बताया कि 1 जनवरी को थाना सदर टोहाना में दर्ज 24.955 किलोग्राम गांजा की तस्करी के मामले में दो आरोपियों गुरुदेव और सोनू निवासी गांव धमतान साहिब, जीन्द को गिरफ्तार किया था। उपरोक्त दोनों आरोपी गांव सुधाना, रोहतक के सुमित से गांजा खरीद कर लाए थे। सुमित गांजा उड़ीसा से लेकर आया था। उड़ीसा में सुमित की निशानदेही पर मुख्य सप्लायर निलांचल सुनामुंडी निवासी अरविन्द नगर, जिला रायगढ़ा, उड़ीसा को गिरफ्तार किया गया है।

# हरियाणा में भी होने चाहिएं कॉमनवेल्थ गेम्स के कुछ आयोजन : भूपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने खेलों के मामले में हरियाणा के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में देश का परचम लहराने वाले हरियाणा पर केंद्र सरकार जानबूझकर बेहद कम खर्च कर रही है।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में हरियाणा की भागीदारी और प्रतिनिधित्व अत्यंत स्वाभाविक और न्यायोचित है। कॉमनवेल्थ गेम्स के कुछ आयोजन हरियाणा में होने चाहिए। हुड्डा ने उत्तराखंड में संपन्न हुए राष्ट्रीय खेलों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रति मेडल के हिसाब से देखा जाए तो मात्र 4.5 लाख ही खर्च हुए हैं। जबकि दूसरे राज्यों जैसे महाराष्ट्र में 43.50 लाख, मध्य प्रदेश में 1.13 करोड़, दिल्ली में 1.13 करोड़, बिहार में 1.69 करोड़, उत्तर प्रदेश में 7.85 करोड़ तथा गुजरात में 11.21 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा में खेलों पर खर्च किया गया निवेश हमेशा नतीजे लेकर आता है। खेलो इंडिया के साढ़े तीन हजार करोड़ के बजट में भी हरियाणा को केवल 80 करोड़ दिए गए।

# इंदौर हादसे से भी सीख नहीं ले रही बीजेपी जनता जहरीला पानी पीने को मजबूर : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने गुरुवार को हरियाणा में पेयजल संकट को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि 11 सालों से भी ज्यादा समय से सरकार हरियाणा में काबिज़ है, लेकिन आज भी प्रदेश की बड़ी आबादी गंदा, दूषित और जानलेवा पानी पीने को मजबूर है।



ढांडा ने कहा कि आज भी हरियाणा के 3500 से ज्यादा गांवों में पानी पीने योग्य नहीं है। सोनीपत में आर्सेनिक, दक्षिण हरियाणा में फ्लोराइड, कई जिलों में नाइट्रेट और यूरेनियम की मौजूदगी सरकार की पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कई शहरों और गांवों में लोगों को 1000 से 2000 टीडीएस तक का पानी पिलाया जा रहा है, जबकि मानक 200-300 मिलीग्राम प्रति लीटर के हैं। इससे कई बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि बीजेपी सरकार अमृत योजना के नाम पर करोड़ों और जल जीवन मिशन के नाम पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करने का दावा करती है, लेकिन ज़मीनी सच्चाई इसके ठीक उलट है। ये योजनाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

## एचसीएस की मुख्य परीक्षा में अब सामान्य अध्ययन के होंगे 4 पेपर

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के शीर्ष प्रशासनिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए हरियाणा सिविल सेवा एवं संबद्ध सेवाओं की परीक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक संशोधन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है। प्रारंभिक परीक्षा में अब कुल 400 अंकों के दो वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र होंगे। सामान्य अध्ययन के पेपर इस तरह होंगे।

**सामान्य अध्ययन-1** में प्राचीन से आधुनिक काल तक की भारतीय कला, साहित्य एवं स्थापत्य, 18वीं सदी से आधुनिक भारतीय इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम, स्वतंत्रता पश्चात राष्ट्र निर्माण, विश्व इतिहास, भारतीय समाज की विविधता, सामाजिक मुद्दे, भौतिक एवं मानव भूगोल तथा हरियाणा से संबंधित पहलुओं को शामिल किया है।

**सामान्य अध्ययन-2** में भारतीय संविधान की विकास यात्रा, विशेषताएं, संशोधन, संघीय ढांचा, संसद एवं विधानमंडलों की कार्यप्रणाली, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका, संवैधानिक एवं वैधानिक संस्थाएं, शासन, कल्याणकारी योजनाएं, ई-गवर्नेंस, नागरिक सेवाओं की भूमिका, अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं हरियाणा से जुड़े समकालीन मुद्दे सम्मिलित हैं।

**सामान्य अध्ययन-3** में भारतीय अर्थव्यवस्था, कृषि, औद्योगिक नीति, अवसंरचना, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन, आंतरिक सुरक्षा तथा हरियाणा से संबंधित विषयों को स्थान दिया गया है।

**सामान्य अध्ययन-4** (नैतिकता, सत्यनिष्ठा एवं अभिरुचि) में केस स्टडी के माध्यम से लोक जीवन में नैतिक मूल्यों, ईमानदारी, उत्तरदायित्व, सहानुभूति, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सार्वजनिक सेवा में आचरण, पारदर्शिता, सूचना का अधिकार तथा भ्रष्टाचार से जुड़ी चुनौतियों का आकलन होगा।

## पंजाब के भ्रष्ट कर्मचारियों पर हाईकोर्ट का कड़ा रुख, दोषी सेवा में क्यों हैं

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार में भ्रष्टाचार और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामलों में फंसे कर्मचारियों पर कड़ा रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस शील नागु व जस्टिस नीरजा कुलवंत कल्सन खंडपीठ ने स्वत संज्ञान लेते हुए पंजाब सरकार के मुख्य सचिव से 10 फरवरी तक विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने कहा कि यह बेहद गंभीर विषय है कि जिन कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं, यहां तक कि कुछ को दोषी करार देकर सजा भी सुनाई जा चुकी है, वे अब भी सरकारी नौकरी कर रहे हैं।

# नेवी जवान पर हमला कर 15 दिन पहले खरीदी गाड़ी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

इंडियन नेवी में कार्यरत रोहित यादव पर कुछ युवकों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी करीब 15 दिन पहले खरीदी गाड़ी को भी तोड़ दिया। पुलिस ने एक नामजद सहित 5 अन्य पर केस दर्ज कर लिया। पीड़ित रोहित ने बताया कि वह गांव खतरीपुर का रहने वाला है और अब भूप कॉलोनी में



पीड़ित रोहित

रहता है। वह इंडियन नेवी में कार्यरत है। इन दिनों एक माह की छुट्टी पर आया हुआ है। पांच जनवरी की रात करीब 10 बजे वह अपने मकान के सामने गाड़ी पार्क कर रहा था। अचानक मोहल्ला सलामपुरा निवासी दीपक अपने पांच अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर आया। आरोप है कि आरोपित के हाथ में लोहे की कुल्हाड़ी थी, जबकि उसके अन्य साथी हाथों में लोहे की रॉड व डंडे लिए हुए थे। दीपक ने रोहित के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किए। वहीं अन्य आरोपितों ने लोहे की रॉड व डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे रोहित के सिर से खून बहने लगा। रोहित ने बताया कि यह गाड़ी दोस्त योगेश वासी भूप कॉलोनी के नाम है। शोर सुनकर योगेश मौके पर पहुंचा। जिसके बाद आरोपित धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका खारिज की

**श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप के लापता होने का मामला**

**चंडीगढ़।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप के कथित रूप से गायब होने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका का निपटारा कर दिया है। अदालत को पंजाब सरकार की ओर से अवगत कराया गया कि इस प्रकरण में 7 दिसंबर को एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। इस जानकारी के बाद हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका को समाप्त कर दिया। याचिकाकर्ता गुरुवतन सिंह ने यह अवमानना याचिका अक्टूबर महीने में दाखिल की थी। याचिकाकर्ता ने याचिका में बताया था कि यह मामला 2015 से 2018 के बीच का है, जब एसजीपीसी के प्रकाशन विभाग से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 पावन स्वरूप लापता हो गए थे। इस मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया था, इस समिति ने 23 अगस्त 2020 को एसजीपीसी को एक रिपोर्ट सौंपी थी।

**पंचांग** | लोहड़ी पर्व पर 13 जनवरी को खरमास समाप्त होगा

**सूर्य 14 अप्रैल को मीन राशि से निकल मेष में प्रवेश करेंगे**

# मकर संक्रांति से शुरू होंगे शुभ कार्य, जून तक 38 दिन खूब बजेंगी शहनाइयां, मई में 19 मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एक महीने के लंबे इंतजार के बाद लोहड़ी पर्व पर 13 जनवरी को खरमास समाप्त होगा और 14 को मकर संक्रांति के दिन से शुभ कार्यों का शुभारंभ होगा। इसके बाद लंबे समय से इंतजार कर रहे लोग शादी-विवाह और मुंडन संस्कार आदि कार्यक्रम कर पाएंगे।

श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्य 14 जनवरी को मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के राशि परिवर्तन करने से खरमास समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही शादी-विवाह का सिलसिला शुरू हो जाएगा। पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि इस बार अप्रैल से जून तक शादियां होंगी। फिर चार महीने के ब्रेक के बाद एक नवंबर को देवोत्थान एकादशी के बाद से लग्न शुरू होंगे। पंचांग के मुताबिक, अप्रैल में 12, मई में 19 और जून में 7 दिन लग्न है। वहीं मिथिला पंचांग के मुताबिक, अप्रैल में 7, मई में 11 और जून में 3 दिन लग्न है। इसके बाद चातुर्मास लग जाएगा।

### विवाह के लिए ये हैं शुभ मुहूर्त



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि विवाह के लिए शुभ मुहूर्त वैवाहिक बंधन को सबसे पवित्र रिश्ता माना गया है, इसलिए इसमें शुभ मुहूर्त का होना जरूरी है। शादी के शुभयोग के लिए नौ ग्रहों में बृहस्पति, शुक्र और सूर्य का शुभ होना जरूरी है। रवि-गुरु का संयोग सिद्धिदायक और शुभफलदायी होते हैं। बनारसी पंचांग के मुताबिक इस साल अप्रैल में 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 25, 26, 29 तथा 30 अप्रैल, मई में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, तथा 28 मई, माह जून में 1, 2, 3, 4, 5, 7, 8 शुभ योग है। वहीं मिथिला पंचांग के अनुसार अप्रैल में 16, 18, 20, 21, 23, 25, 30, मई में 1, 7, 8, 9, 11, 18, 19, 22, 23, 25, 28 तथा जून में 10, 11, 12 शादी के शुभ मुहूर्त है।

### खरमास में ये कार्य वर्जित

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में खरमास को अशुभ समय माना गया है, इसलिए इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। जैसे सगाई, शादी, गृह प्रवेश, मुंडन, उपनयन संस्कार, नए काम या व्यापार की शुरुआत करना। कुछ लोग तो खरमास में शादी की बात भी नहीं चलाते हैं।

इसके अलावा नया घर, संपत्ति, वाहन खरीदना भी खरमास में अशुभ माना जाता है। खरमास में पूजा-पाठ, ध्यान-साधना करना बहुत शुभ होता है। इस समय में विशेष रूप से सूर्य की पूजा की जाती है। इस अवधि में तांबे के पात्र से सूर्य को जल चढ़ाना उत्तम माना गया है।

नक्षत्रों में से अश्विनी, रेवती, रोहिणी, मृगशिरा, मूल, मघा, चित्रा, स्वाति, श्रवणा, हस्त, अनुराधा, उत्तरा फाल्गुन, उत्तरा भाद्र और उत्तरा आषाढ़ में किसी एक का रहना जरूरी है। अति उत्तम मुहूर्त के लिए रोहिणी, मृगशिरा या हस्त नक्षत्र में से किसी एक की उपस्थिति होनी चाहिए। यदि वर और कन्या दोनों का जन्म ज्येष्ठ मास में हुआ हो तो उनका विवाह ज्येष्ठ में नहीं होगा। तीन ज्येष्ठ होने पर विषम योग बनता है और ये वैवाहिक लग्न में निषेध है। विवाह माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ और अगहन मास में हो तो अत्यंत शुभ होता है।

# हर तरह की फोरेंसिक रिपोर्ट 30 दिन के भीतर देने का लक्ष्य : डीजीपी

- फोरेंसिक विभाग को मजबूत कर रहा हरियाणा, 243 पद हो चुके हैं स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

### 17 नई मोबाइल फोरेंसिक यूनिट्स स्वीकृत



अपराध स्थल पर तुरंत वैज्ञानिक सहायता पहुंचाने हेतु राज्य में 17 नई मोबाइल फोरेंसिक यूनिट्स स्वीकृत की गईं और 10 नई जिला फोरेंसिक लैब शुरू की गई। राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय से प्राप्त चार आधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन को भी उपयोग में लाया गया है। इन वैन के कस्टमाइजेशन के लिए 6.71 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

हरियाणा की फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी प्रणाली के लिए बीता हुआ साल बेहतर रहा है, सुधारों का सीधा प्रभाव जांच की गति और गुणवत्ता पर देखने को मिला है। एनडीपीएस मामलों में अब फोरेंसिक रिपोर्ट एक माह के भीतर मिल रही है, वाणिज्यिक गुणवत्ता वाले मामलों में यह समय घटकर केवल 15 दिन रह गया है और कुल मामलों के निस्तारण में 28.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मामलों की संख्या बढ़ने के बावजूद लंबित मामलों में लगभग 12 प्रतिशत की कमी आई है(

डीजीपी हरियाणा अजय सिंघल ने कहा कि आने वाले वर्ष में हरियाणा पुलिस का लक्ष्य है कि हर प्रकार की फोरेंसिक रिपोर्ट अधिकतम 30 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाए। इस दिशा में 64 नए पदों का प्रस्ताव रखा गया है और एफएसएल, आरएफएसएल तथा जिला फोरेंसिक इकाइयों के लिए 86.38 करोड़ रुपये के आधुनिक उपकरण खरीदे जाएंगे। हिसार और पंचकूला में नए डीएनए डिवीजन स्थापित किए जाएंगे और भोंडसी व हिसार स्थित आरएफएसएल भवनों के विस्तार पर 32.58 करोड़ रुपए की स्वीकृत राशि का उपयोग तेज़ी से किया जाएगा। फोरेंसिक सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने अब तक का सबसे बड़ा मानव संसाधन विस्तार किया। कुल 243 नए पद स्वीकृत किए गए, जिनमें से 97 पदों पर नियुक्तियां पूरी हो चुकी हैं और शेष पदों पर भर्ती प्रक्रिया तेज़ी से चल रही है। वर्ष 2025-26 में 15.83 करोड़ रुपये के अत्याधुनिक फोरेंसिक उपकरण लगाए गए। 3 करोड़ रुपये के उपकरणों के ऑर्डर जारी किए ।

# समावेशी और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी एआई ईकोसिस्टम बढ़ाएंगे

भारत को वैश्विक एआई लीडर बनाने की पहल

- पीएम मोदी ने की स्टार्ट-अप्स के साथ विशेष मुलाकात
- 12 भारतीय एआई स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा
- स्थानीय कंटेंट व क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने का आह्वान किया

## देश 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' मॉडल दुनिया में पेश करे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को प्रमुख भारतीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्ट-अप्स के साथ एक राउंडटेबल बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में देश में एक नैतिक, समावेशी और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी एआई इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। यह बातचीत प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई, जिसमें 12 भारतीय एआई स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। ये स्टार्ट-अप्स अगले महीने होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एआई फॉर ऑल: ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने विशिष्ट भारतीय एआई दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए कहा कि देश को 'मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड' मॉडल दुनिया के सामने पेश करना चाहिए। उन्होंने एआई मॉडल्स को नैतिक, निष्पक्ष, पारदर्शी और डेटा प्राइवेसी पर आधारित बनाने का आग्रह किया। साथ ही, स्थानीय कंटेंट और क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित किया, ताकि भारत किफायती और समावेशी एआई इनोवेशन में वैश्विक नेता बने।

### स्टार्ट-अप्स ने काम का किया प्रदर्शन

भाग लेने वाले स्टार्ट-अप्स ने भारतीय भाषा फाउंडेशन मॉडल, बहुभाषी बड़े भाषा मॉडल (एलएलएमएस), स्पीच-टू-टेक्स्ट और टेक्स्ट-टू-ऑडियो/वीडियो टेक्नोलॉजी, 3डी कंटेंट बनाने के लिए जेनरेटिव एआई, इंजीनियरिंग सिमुलेशन, मटीरियल रिसर्च, एडवांस्ड डेटा एनालिटिक्स, और हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक्स तथा मेडिकल रिसर्च सहित कई क्षेत्रों में अपने काम का प्रदर्शन किया।


प्रधानमंत्री मोदी अपने आवास पर बैठक के दौरान भारतीय एआई स्टार्ट-अप्स ऑनर के साथ

## दिल्ली के तुर्कमान गेट में बवाल

■ गुरुवार को फिर हटाया अतिक्रमण

# 30 पत्थरबाजों की पहचान की पुलिस ने 11 को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के तुर्कमान गेट में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हुई पत्थरबाजी की घटना से जुड़े 30 लोगों की पहचान कर ली है। इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। गुरुवार को फिर से तुर्कमान गेट के पास अतिक्रमण हटाने का अभियान फिर से शुरू किया। पत्थरबाजी की घटना के सिलसिले में 30 लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो की मदद से उनकी पहचान की है। पुलिस टीमें उन्हें हिरासत में लेने के लिए छापेमारी कर रही हैं।



### गुरुवार को 6 उत्पातियों को धर-दबोचा

तुर्कमान गेट पत्थरबाजी मामले में पुलिस ने अफान पुत्र इकबाल, आदिल पुत्र आमिल, शाहनवाज पुत्र मोह वाली, हमजा पुत्र मोह कामिल, अतहर पुत्र नदीम और उबेद पुत्र अब्दुल सुभान को गिरफ्तार किया है। तुर्कमान गेट पर हुए बवाल के मामले में पुलिस ने 6और लोगों को गिरफ्तार किया, अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बवाल की कार्रवाई यह घटना तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास हुई। एमसीडी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की थी।

## पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को उद्धृत किया

# सिद्धांत पर अडिग रहने वालों की याद में हो रहा स्वाभिमान पर्व, उनकी चेतना नहीं डिगी

## तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी, आडवाणी और गणमान्यों को किया याद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक क्षणों को याद किया। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर 2001 को सोमनाथ में आयोजित कार्यक्रम में मैंने भाग लिया था, जब 1951 में पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया था। वह ऐतिहासिक समारोह तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में संपन्न हुआ था। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में सरदार पटेल, केएम मुंशी सहित कई महान विभूतियों का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और गृह मंत्री आडवाणी और गणमान्य लोग शामिल हुए थे।

प्रधानमंत्री ने उन पलों की साझा कीं तस्वीरें

पुनर्निर्माण में योगदान देने वालों को किया याद

सरदार पटेल, मुंशी सहित महान विभूतियों को सराहा

### भक्तों से तस्वीरें साझा करने की अपील


सोमनाथ की पूजा करते प्रधानमंत्री मोदी — फाइल फोटो

मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 में 1951 के भव्य समारोह के 75 वर्ष पूर्ण होने का स्मरण भी किया जा रहा है। उन्होंने 'जय सोमनाथ' के उद्घोष के साथ बताया कि आज से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने सोमनाथ की अपनी पिछली यात्राओं की तस्वीरें साझा करते हुए लोगों से आग्रह किया कि यदि वे भी सोमनाथ गए हैं, तो अपनी तस्वीरें 'सोमनाथ सावाभिमान पर्व' के साथ साझा करें।

### 1,000 वर्षों के सफर पर हो रहा आयोजन

सोमनाथ मंदिर को पहले से कहीं ज्यादा भव्य स्वरूप प्रदान किया। विध्वंस से पुनरोत्थान तक 1,000 वर्षों के इसी सफर पर 8 से 11 जनवरी तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 11 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल होंगे। वर्ष 2026 इस वजह से भी बेहद खास है कि क्योंकि यह मंदिर के आधुनिक पुनरुद्धार की 75वीं वर्षगांठ है। 1951 में इसकी आधुनिक प्राण प्रतिष्ठा सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों का नतीजा थी।

### किसान की नकदी और सामान ले उड़े शातिर

**नई दिल्ली।** यहां से पांवटा साहिब जा रही एचआरटीसी बस में सनसनीखेज वारदात सामने आई है।



अज्ञात शातिर ने एक किसान यात्री को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर लाखों रुपए पर हाथ साफ कर दिया। जिला सिरमौर के गांव दुगाना निवासी ट्रांसपोर्टर एवं किसान बलबीर पुंडीर को बस में नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया।

### ट्रक ने ई-रिक्शा को कुचला, 2 की मौत

**बरेली।** यहां गुरुवार सुबह कोहरे के कारण रिठौरा में राजश्री पेट्रोल पंप के नजदीक भीषण सड़क हादसा हो गया।



हाईवे पर ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है।

**सपा विधायक विजय गोंड का निधन :** (लखनऊ)। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और दुद्धी विधायक विजय सिंह गोंड का लखनऊ के एसजीपीजीआई में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि विधानसभा अध्यक्ष अवधनारायण यादव ने की। लंबे समय से बीमार चल रहे गोंड की दोनों किडनी खराब हो गई थी जिसके चलते एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 3497/न.पा.नि./लोनिवि/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 07/01/2026

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय) :-**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा निकाय के स्वास्थ्य शाखा में कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिकों / कर्मियों के नियोजन हेतु एजेंसी चयन बावत् राशि रू. 158.11 लाख के कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 183397) एवं महामाया कॉरिडोर निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 1116.82 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 183395) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**उत्तर रेलवे**

अभिरुचि पत्र (EOI) आमंत्रण सूचना

**Engg-01/Beautification/2025-26 Date 07.01.2026**

निविदा संदर्भ क्र.- 437-W/369/Beautification/25-26 and 473/01/Beautification/AADR/25-26

"रेलवे क्षेत्र/परिसर के सौंदर्यीकरण संबंधी नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार, उत्तर रेलवे का अंबाला प्रभाग चंडीगढ़ और अंब-अंडौरा रेलवे स्टेशनों पर रेलवे क्षेत्र/परिसर/मार्गों के सौंदर्यीकरण के लिए कम ऊंचाई वाले वृक्षारोपण हेतु पात्र एजेंसियों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।"

| | |
|---|---|
| ईओआई प्रतिक्रिया की अंतिम तिथि | • AADR AND CDG :-15.01.2026 up to 15:00 hrs |
| ईओआई पर प्रस्ताव/प्रतिक्रिया, यहां भेजी जानी चाहिए | • For CDG: srden1.ambala@gmail.com<br>• For AADR: srden4umb@gmail.com And sseworksland@gmail.com<br>स्पीड पोस्ट या ईमेल के माध्यम से प्रतिक्रियाओं की हार्ड कॉपी, उपरोक्त अंतिम तिथि को या उससे पहले 15.00 बजे तक निम्नलिखित पते पर पहुंच जाए :- सीनियर डीईएन-I और IV, इंजीनियरिंग विभाग, डीआरएम कार्यालय, उत्तर रेलवे, अंबाला डिवीजन, हरियाणा-133001 |
| ईओआई डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट | https://nr.indianrailways.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 98/2026


### एमपी के दामोह में घर में लटकी 3 लाशें पति-पत्नी और डेढ़ साल की बेटी की मौत

**दमोह।** दमोह के तेंदूखेड़ा में गुरुवार सुबह पति-पत्नी और उनकी डेढ़ साल की बेटी के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मनीष केवट (30), पत्नी दसौदा केवट और डेढ़ साल की की बेटी आरोही के साथ तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक एक में रहता था। मनीष मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।



### टीवी के 'श्रीकृष्ण' का दूसरी पत्नी पर आरोप

### बच्चे पैदा करने के लिए मुझे यूज किया, स्मिता बोलीं-परवरिश में नितीश का कोई योगदान नहीं

**भोपाल।** अब एक बार फिर टीवी के 'श्रीकृष्ण' नितीश भारद्वाज अपनी प्रताड़ना की कहानी लोगों के साथ शेयर करते नजर आए हैं। नितीश ने बताया है कि कैसे उन्हें पिछले कई सालों से अपनी दूसरी पत्नी का टॉर्चर सहना पड़ा रहा है। 2024 में पहली बार नितीश ने अपनी दूसरी पत्नी स्मिता पर मानसिक प्रताड़ना देने और बेटियों से मिलने से रोकने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। नउनकी पत्नी ने उन्हें सिर्फ बच्चे पैदा करने के लिए इस्तेमाल किया। बच्चों से उनकी बॉन्डिंग तक नहीं बनने दी गई। वहीं उनकी पत्नी स्मिता ने भी पलटवार करते हुए कहा कि बच्चों की परवरिश में उसका कोई योगदान नहीं है।

### भारत-जर्मनी में हो रही डिफेंस डील 8 अरब डॉलर का पनडुब्बी समझौता

**नई दिल्ली।** जर्मनी के साथ मिलकर भारत अबतक के सबसे बड़े रक्षा सौदे पर काम कर रहा है। दोनों देशों के बीच अत्याधुनिक पनडुब्बी निर्माण की बारीकियों पर बात हो रही है, जो कम से कम 8 अरब डॉलर का समझौता होगा। यह भारत का सबसे बड़ा रक्षा समझौता होने वाला है। भारत अभी फ्रांस से पनडुब्बियां मंगवा रहा है, ऐसे में जर्मनी के साथ इतनी बड़ी संभावित डील बड़ी रणनीतिक बदलाव की ओर इशारा है। अगले हफ्ते जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज भारत यात्रा पर आने वाले हैं।



### लुधियाना में 6 टुकड़ों में मिली युवक की लाश, सनसनी फैली

**लुधियाना।** यहां जालंधर बाइपास के पास सेक्रेड हार्ट स्कूल के नजदीक एक खाली प्लॉट से युवक का शव टुकड़ों में कटा हुआ ड्रम में मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक का आधा शरीर जला हुआ था, जबकि आधा सफेद प्लास्टिक ड्रम में भरा हुआ मिला। मृतक के धड़, गर्दन और अन्य हिस्से अलग-अलग जगहों पर पड़े थे। पुलिस ने मर्ग कायम करके जांच शुरू कर दी है। शक है कि दविंदर की हत्या शेरा ने ही की है। फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं हो सका है कि आखिरकार दविंदर की हत्या किन कारणों से की गई है।

## फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले में ईडी की कार्रवाई

# खुद को सरकारी कर्मचारी बताकर फर्जी ई मेल अकाउंट के जरिए बांटे नियुक्त पत्र

## उत्तरप्रदेश, बिहार, बंगाल, केरल, तमिलनाडु और गुजरात में छापे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले के मामले में गुरुवार को छह राज्यों में 15 ठिकानों पर छापा मारा। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और गुजरात में ये कार्रवाई हुई। गैंग द्वारा अभ्यर्थियों को सरकारी विभागों में नौकरी का झांस देकर ठगने का आरोप है। ईडी ने बताया कि ईडी के पटना जोनल कार्यालय ने ये कार्रवाई की। सबसे पहले नौकरी का फर्जीवाड़ा रेलवे के नाम पर किया गया। इसके बाद 40 सरकारी संगठनों और विभागों तक ये नेटवर्क फैला।

### बिहार से बंगाल तक फैला जाल

ईडी ने बिहार के मोतिहारी में दो और मुजफ्फरपुर में एक स्थान, बंगाल के कोलकाता में दो, केरल के एर्नाकुलम, पंडलम, अदूर और कोडूर, तमिलनाडु में चेन्नई, गुजरात में राजकोट, गोरखपुर में दो स्थानों जबकि प्रयागराज और लखनऊ में एक-एक स्थान पर छापे मारे।

**फर्जी ई-मेल अकाउंट के जरिए दी नौकरी :** आरोपियों ने फर्जी ई-मेल अकाउंट के जरिए खुद को सरकारी कर्मचारी के रूप में पेश किया और अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया।

### कांग्रेस के निलंबित 12 पार्षद भाजपा में शामिल



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की अंबरनाथ नगर परिषद में चुनाव नतीजों के बाद मचा राजनीतिक घमासान खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अंबरनाथ नगर परिषद में भाजपा के कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन को तुरंत खारिज कर दिया गया। कांग्रेस ने 12 नए पार्षदों और ब्लॉक अध्यक्ष को िलंबित कर दिया।इसके बाद कांग्रेस के सभी 12 निलंबित पार्षद भाजपा में शामिल हो गए।


**उत्तर रेलवे**

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Sr. No. | Auction Catalogue No. | Description | Lot Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-EFF-110173-7-25-1 | ट्रेन संख्या 22451/22452 (सीडीजी–बीडीटीएस एक्सप्रेस) के बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 21.01.2026 12:00:00 |
| 2 | ADVT-EFF-141603-6-25-1 | ट्रेन संख्या 14521/14522 (डीएलआई-यूएमबी एक्सप्रेस) और 14507/14508 (डीएलआई-एफकेए एक्सप्रेस) के बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 21.01.2026 12:00:00 |
| 3 | ADVT-UMB-DUI -OH- 327-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 27 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 4 | ADVT-UMB-SIR -OH- 331-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 15 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 5 | ADVT-UMB-NLDM- OH-333-25-1 | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 6 | ADVT-UMB-UBC -OH- 329-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 7 | ADVT-UMB-ANSB- OH-334-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 8 | ADVT-UMB-AADR- OH-335-25-1 | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 9 | ADVT-UMB-SAG -OH-326-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 14 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 10 | ADVT-UMB-RPJ -OH- 330-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 09 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 11 | ADVT-UMB-YJUD-OH- 340-25-1 | यमुना नगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 11 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 12 | ADVT-UMB-BTI-OSD-338-25-1 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 10 फीट x 8 फीट क्षेत्रफल की एक वीडियो वॉल के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 21.01.2026 12:00:00 |
| 13 | ADVT-UMB-RPJ -OSD-337-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 20 फीट x 3.5 फीट क्षेत्रफल की एक वीडियो वॉल के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 21.01.2026 12:00:00 |
| 14 | ADVT-UMB-PTA -OSD- 336-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन के पुराने प्रतीक्षालय की सामने की दीवार पर 112 वर्ग फुट के 02 वीडियो वॉल (प्रत्येक 14'x8') और स्टेशन भवन के बाहर 112 वर्ग फुट का एक वीडियो बॉल (14'x8') के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) तीन वर्षों की अवधि के लिए। (विज्ञापन का कुल क्षेत्रफल 336 वर्ग फुट है।) (साइट प्लान के अनुसार) | 21.01.2026 12:00:00 |
| 15 | MSS-UMB-UBC-MCK-57-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 16 | MSS-UMB-YJUD -MCK-64-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 17 | MSS-UMB-RPJ-MCK-60-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 18 | MSS-UMB-UMB-MCK-65-25-2 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 90 वर्ग फुट के साथ नौ (09) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 19 | MSS-UMB-BTI-MCK-58-25-1 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 70 वर्ग फुट के साथ सात (07) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 20 | MSS-UMB-SRE-MCK-61-25-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 60 वर्ग फुट के साथ छह (06) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 21 | MSS-UMB-ABS-MCK-56-25-1 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 30 वर्ग फुट के साथ तीन (03) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 22 | MSS-UMB-PTA-MCK-59-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 23 | MSS-UMB-SIR-MCK-63-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 24 | MSS-UMB-SML-MCK-62-25-1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 25 | MSS-UMB-ANSB -PSKsk-53-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 64 वर्ग फुट की पूजा सामग्री की दुकान/कियोस्क स्थापित करने और संचालन के लिए अनुबंध का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | 21.01.2026 12:00:00 |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 85/26


## देश में चुनाव आयोग पर उठाए जा रहे हैं कई सवाल

# दुनिया को चुनाव कराने के गुर सिखाएगा चुनाव आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) दुनिया के विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन संस्थानों को अपने अनुभव साझा करने जा रहा है। आयोग 21 से 23 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में पहला इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट आयोजिन करेगा। यह भारत द्वारा लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से पहले आयोग ने गुरुवार को दिल्ली में राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ अहम बैठक आयोजित की।

## विषय- समावेशी, शांतिपूर्ण, लचीली और सतत दुनिया के लिए लोकतंत्र

**21-23** तक भारत मंडपम में होगा आयोजन

**36** थीमैटिक ग्रुप्स पर इस पर विस्तार से चर्चा की

**100** अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे कार्यक्रम में

### राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक विशेषज्ञ शामिल होंगे



ये थीम चुनाव प्रबंधन निकायों के समृद्ध एवं विविध अनुभवों पर आधारित ज्ञान के भंडार का विकास करने का उद्देश्य रखती हैं। ये 36 थीमैटिक ग्रुप्स राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के नेतृत्व में संचालित होंगे।

### चुनौतियों और विचारों का होगा आदान-प्रदान

यह सम्मेलन भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट द्वारा निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक चुनावी चुनौतियों पर साझा समझ विकसित करना, सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं व नवाचारों को सीखना है।

### कार्यक्रम में सामान्य एवं प्लेनरी सत्र शामिल होंगे

सम्मेलन में विश्व भर के चुनाव प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे> वैश्विक संगठनों, भारत में विदेशी मिशनों तथा चुनावी प्रक्रियाओं के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक विशेषज्ञ भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में दुघाटन सत्र, ईएमबी लीडर्स प्लेनरी, ईएमबी वर्किंग ग्रुप मीटिंग्स तथा निर्वाचन सहयोग के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ आदि होंगे।

## चिंतन

# दबाव की रणनीति पर उतरे खिसियाए ट्रंप

वर्तमान समय में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, भारत सरकार उसका बहुत ही सूझबूझ और संयमित तरीके से जवाब दे रही है। चाहे वह टैरिफ की बात हो, रूस से तेल खरीदने का मामला हो या पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप द्वारा किए गए दावे का। लगता है इससे ट्रंप खिसिया गए हैं और बेतुकी बयानबाजी पर उतर आए हैं। ऐसी भाषा एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर अशोभनीय है। दो राष्ट्राध्यक्षों या राजनयिकों के बीच वार्ता बेहद गुप्त होती है। इसे कभी भी, किसी भी रूप से उछाला नहीं जा सकता। दो देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच मुलाकात बेहद शालीनता और कूटनीति को दर्शाती है, लेकिन हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत को लेकर की जा रही बयानबाजी किसी भी नजरिये से ठीक नहीं है। ऐसी भाषा न तो राजनयिक रूप से ठीक है और न ही एक राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर। इसे अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार भी नहीं माना जा सकता। एक शक्तिशाली राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर ऐसी भाषा न तो देश के हित में होती है और न ही लोगों के हित में सही कही जा सकती है। बता दें कि ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाक़ात के लिए पूछा था कि सर, प्लीज़ क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। मैंने हां कहा, क्योंकि मेरे उनके साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। ट्रंप के इस बयान पर चर्चा हो रही है कि क्या भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से इस भाषा में बात की होगी? हालांकि भारत ने इस पर भी बेहद संयम बरता। इससे खिसियाए ट्रंप दबाव की रणनीति पर उतर आए हैं। हालांकि जर्मनी के एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चार बार फोन पर बात करने की कोशिश की थी, लेकिन भारत की तरफ से ट्रंप की फोन कॉल का कोई उत्तर नहीं दिया गया। यह रिपोर्ट उस समय आई थी, जब ट्रंप ने भारत से होने वाले आयात पर 50 फीसदी का भारी टैरिफ लगाया था। दरअसल, पहले ही भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप चुके ट्रंप ने अब 500 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इससे भारत, चीन और ब्राजील पर दबाव बढ़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अच्छे आदमी हैं, लेकिन रूसी तेल खरीदने से वे नाराज हैं। हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि मोदी जानते हैं कि मुझे खुश रखना जरूरी है। हम भारत पर टैरिफ बहुत जल्दी बढ़ा सकते हैं। ट्रंप ने ऐसे एक बिल को समर्थन दिया है। यह बिल जल्दी ही कांग्रेस में वोटिंग के लिए आ सकता है। अगर यह बिल कानून बन गया तो भारत के अमेरिका निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। इससे भारतीय सामान अमेरिका में बहुत महंगा हो जाएगा। इससे दोनों देशों के मध्य व्यापार को नुकसान होने का अंदेशा है। गौरतलब है कि भारत ने रूसी तेल आयात कम किया है। आंकड़े बताते हैं कि बीते दिसंबर माह में आयात काफी गिर गया, लेकिन पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। ट्रंप की भाषा अक्सर कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार के खिलाफ रहती है, क्योंकि वह अपने बयानों में आक्रामक, अनौपचारिक और व्यक्तिगत होते हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों और प्रोटोकॉल का उल्लंघन होता है, लेकिन भारत सरकार ऐसे में बहुत ही सोच-समझकर निर्णय ले रही है। ऐसे में ट्रंप को भी समझना चाहिए कि वह अपनी अनर्गल बयानबाजी पर रोक लगाएं, क्योंकि ऐसी बयानबाजी राष्ट्र और लोगों के हित में नहीं होती है।

# टैरिफ चुनौतियों के बीच बढ़ती अर्थव्यवस्था



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**सात जनवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी वित्त वर्ष 2025-26 के अग्रिम अनुमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय वर्ष के मजबूत आर्थिक आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित हुई 7.4 फीसदी वृद्धि दर के बेहतर आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में देश में विभिन्न आर्थिक अनुकूलताएं दिखाई देंगी।**

यकीनन यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ और घटते वैश्विक व्यापार के बीच भारत की अर्थव्यवस्था अनुमान से अधिक बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। 7 जनवरी को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी वित्त वर्ष 2025-26 के अग्रिम अनुमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि इस वित्तीय वर्ष के मजबूत आर्थिक आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं।

एक्सिस बैंक के मुताबिक आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में भारत की विकास दर 7.5 फीसदी के ऊंचे स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकेगी। वैश्विक निवेश फर्म इन्वेसको के मुताबिक 2026-27 में भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा। खासतौर से वर्ष 2026 में घरेलू बाजार की मजबूती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। वर्ष 2026 में भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा और इस तेज गति से वर्ष 2030 तक भारत का घरेलू बाजार लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। वर्ष 2026 में महंगाई घटने, टैक्स सुधार और ब्याज दर में कमी से घरेलू बाजार को रफ्तार से बढ़ने के आधार मिलेंगे। जिस तरह नए ऐतिहासिक वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) सुधारों के तहत 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी को स्लैब लागू किया गया है, उसका लाभ वर्ष 2026 से उभरकर दिखने लगेगा। निश्चित रूप से वर्ष 2026 में जीएसटी सुधार देश के हर नागरिक के लिए एक बड़ा उपहार दिखाई देंगे। इसके साथ ही एक अप्रैल 2026 से लागू किया जाने वाला नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं के बदलाव ही नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था के कायापलट के साथ अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएगा। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 6 जनवरी को प्रकाशित आइआइएफएल कैपिटल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) वर्ष 2026 में ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें भी कम हो सकती हैं। इसी तरह एसबीआई रिसर्च की हालिया रिपोर्ट के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों के जून 2026 तक 50 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। सस्ते तेल से महंगाई 3.5 प्रतिशत से नीचे आ सकती है और विकास दर भी 7.45 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। साथ ही आयात बिल में भी कमी आएगी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी भी देखने को मिल सकती है।

ऐसे में वर्ष 2026 में भारतीय उपभोक्ताओं को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीददारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी। पिछले माह दिसंबर 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई। इस समीक्षा बैठक में कहा गया कि देश में महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर



2.2 फीसदी पर है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये डालना सुनिश्चित किया है। निश्चित रूप से ब्याज दर घटने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी और उपभोक्ता बाजार में चमक बढ़ेगी। इस समय जब भारत 5 जनवरी को ट्रंप के द्वारा भारत के लिए और टैरिफ बढ़ाने की धमकी तथा वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार और सर्विस सेक्टर को नई शक्ति देगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। सस्ते कर्ज के कारण विदेशी निवेश भी बढ़ेंगे। ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और सर्विस सेक्टर के विकास को बल मिलेगा। निसंदेह वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, बुनियादी ढांचा, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति के कारण देश में जीएसटी और इनकम टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले बढ़कर 14.75 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसी प्रकार मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में बीते हुए वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिसंबर तक 8.44 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यदि हम मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत के द्वारा वर्ष 2025 में ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ किए गए एफटीए का 2026 में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही नए वर्ष में अमेरिका, यूरोपीय यूनियन पेरू,चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए आकार लेते हुए दिखाई देंगे। इन सबके साथ-साथ नए वर्ष में मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच हुए एफटीए के लाभ वर्ष 2025 की तुलना में अधिक मिलते हुए दिखाई देंगे। वर्ष 2026 में भारतीय शेयर बाजार रफ्तार से आगे बढ़ेगा। बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों का रुझान भारत की ओर बढ़ेगा। एक अप्रैल 2026 से नए श्रम कानून लागू होने से उद्योग-कारोबार व निर्यात बढ़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई देगा।

वर्ष 2026 में भारत के लिए बेहतर आर्थिक संभावनाएं हैं, लेकिन भारत को अपनी मजबूत आर्थिक गति को बनाए रखने के लिए वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच घरेलू खपत बढ़ाने, रोजगार सृजन और राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण के साथ आर्थिक सुधारों की डगर पर आगे बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित हुई 7.4 फीसदी वृद्धि दर के बेहतर आधारों से आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में देश में विभिन्न आर्थिक अनुकूलताएं दिखाई देंगी। देश में महंगाई कम रहेगी, सर्विस सेक्टर निर्माण और विनिर्माण गतिविधियां मजबूत होंगी, निजी क्षेत्र की बेलेंस शीट दमदार रहेगी, डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत होगा और कर सुधार व ब्याज दर में कटौती से विकास दर को रफ्तार मिलेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

बाल मुकुन्द ओझा



# कुत्तों का मूड नहीं, इंसानों की जान मायने रखती है

देश की सर्वोच्च अदालत आजकल डॉगलवर और डॉगहेटर की सुनवाई में व्यस्त है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उससे होने वाले हादसों पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि यह मसला केवल कुत्तों के काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं से भी जुड़ा है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें पेश कर रहे हैं। अदालत में कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दिलचस्प और अनूठी बहस सुनने को मिल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि यह नहीं पढ़ा जा सकता कि कोई कुत्ता कब काटने के मूड में है और कब नहीं। बहस के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कुत्ते सड़कों पर नहीं होते हैं तो सुप्रीम कोर्ट ने नाराज होते हुए कहा कि लगता है आपकी जानकारी पुरानी है। अदालत ने माना कि किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना संभव नहीं है कि कोई कुत्ता कब शांत रहेगा और कब अचानक आक्रामक हो सकता है। कुत्तों पर गुरुवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी रही।

गौरतलब है 7 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सरकारी दफ्तर और खेल परिसरों जैसे संवेदनशील स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में पिछले वर्ष कुत्तों के काटने के 37 लाख केस दर्ज हुए। इनमें 74 मौतें रेबीज से हुई। इस तरह दस हज़ार से अधिक लोग प्रतिदिन कुत्तों से काटने के शिकार हुए। हालांकि कोर्ट के फैसलों का जानवर प्रेमी लोगों ने विरोध किया है। देखा गया है कि देशभर के छोटे नगरों से लेकर बड़े मैट्रो शहरों में आवारा पशुओं के कातिलाना कहर की खबरें अक्सर मीडिया में सुर्खियां बनती रहती हैं, फिर भी उन पर लगाम नहीं कसी जा रही। सही तो यह है कि आवारा पशुओं का यह मुद्दा हमें देखने में छोटा लगता है, लेकिन है बड़ा गंभीर। आवारा कुत्ते भी लोगों की नाक में कम दम नहीं करते। बच्चे तो उन के डर से घर से बाहर तक नहीं निकल पाते। अब तो शहरों में गाय, भैंस या सांड ही क्यों, बंदरों का खौफ भी देखा जा रहा है। अस्पतालों में कुत्तों के अलावा बंदरों के काटने के बहुत से मामले सामने आने लगे हैं। आवारा पशुओं की समस्या पूरे देश में विकराल रूप ले रही है। आए दिन आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी की चपेट में आकर निर्दोष लोग अपने हाथ-पैर तुड़वाने को मजबूर हैं तो वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। शहरी इलाकों में कुत्तों के साथ गायों के झुंड विचरण करते मिल ही जाएंगे। इस कारण न केवल लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है, बल्कि सड़कों पर गंदगी फैलती है। इन पशुओं से एक्सीडेंट की भी समस्या बढ़ रही है। गायों तथा सांडों के बड़े झुंड, बाजारों, गलियों, मुख्य सड़कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सरेआम टहलते हुए राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। आवारा पशुओं की भरमार एवं उनके आतंक के कारण रहवासियों को तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। बाजार क्षेत्र सहित संकरी गलियों में कुत्तों, सांडों व आवारा पशुओं का निरंकुश होकर घूमना लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इनके आपस में झगड़ने के कारण कई बुजुर्ग-महिलाएं एवं बच्चे भी इनकी चपेट में आने के कारण चोटिल हो जाते हैं। अक्सर खाद्य व सब्जी आदि की दुकानों पर भी यह मुंह मारते रहते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में समुचित सफाई नहीं होने और जगह-जगह कचरे के ढेर लग रहने से वहां आवारा मवेशियों का जमघट लगा रहता है। भयावह स्थिति तब बन जाती है, जब ये आवारा मवेशी मार्गों के किनारे लगे कचरे के ढेरों पर आपस में झगड़ते हैं।

कई बार तो बाजार क्षेत्र में भी इनके आपस में झगड़ने से यातायात बाधित होता है। दिन हो या रात, आवारा पशु सड़क पर झुंड बनाकर बैठ जाते हैं, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को वाहन रोककर इन्हें हटाना पड़ता है, तब आगे का रास्ता खुलता है। आवारा पशुओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। शहरी क्षेत्रों के मुख्य बाजार और कॉलोनियां के मार्गों पर जाकर अठखेलियां करने लगते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं जिसके चलते प्रतिदिन कोई ना कोई दुर्घटना घटती रहती है। स्थिति रात के समय और भी घातक हो जाती है। इन आवारा पशुओं में से कुछ का रंग काला होने की वजह से किसी भी वाहन चालक के लिए दूर से इन्हें देख पाना बहुत मुश्किल होता है। कई वाहन चालक इनका शिकार बनकर मौत के मुंह में समा चुके हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# किसी भी कार्य में अपना सौ प्रतिशत लगाएं



संकलित
दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सबकुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता का महत्व



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या?

*- संजय पटेल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### एआई पर चर्चा



भारतीय स्टार्टअप जगत के युवाओं के साथ एआई पर चर्चा हुई। यह एक यादगार और ज्ञानवर्धक बातचीत थी, जिसमें उन्होंने भारत द्वारा एआई की दुनिया को बदलने के प्रयासों के बारे में अपने दृष्टिकोण और कार्यों को साझा किया।

**- नरेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री**

### अमर्यादित टिप्पणी



नेता प्रतिपक्ष सुश्री आतिशी द्वारा सदन में गुरु तेग बहादुर पर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी से मैं आहत हूं और इसकी कड़ी निंदा करती हूं। इस मर्यादाहीन टिप्पणी से सिख समाज के साथ-साथ देशवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

**रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### अपराधियों को संरक्षण



मेरठ में माँ की हत्या और बेटी को उठाकर ले जाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण देते-देते आज जिस स्तर पर पहुँच गयी है, वहाँ से वापस नहीं लौट सकती क्योंकि अपराधी उनके राज़ खोल देंगे।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### युद्ध नशे के विरुद्ध



आज पंजाब में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' सिर्फ़ नारा नहीं, ज़मीनी हकीकत है। पहले दूसरी पार्टियों के नेताओं के रिश्तेदार नशा बेचते थे, कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं करता था। आज आम आदमी पार्टी की सरकार ने बड़े-बड़े नशा तस्करों को भी जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

# सोमालिया को जारी सहायता निलंबित



अमेरिका ने सोमालिया की संघीय सरकार को दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता निलंबित कर दी है। विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि सोमाली अधिकारियों ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के एक अमेरिकी वित्तपोषित गोदाम को ध्वस्त कर दिया और गरीब नागरिकों के लिए निर्धारित 76 मीट्रिक टन खाद्य सहायता जब्त कर ली। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ट्रंप प्रशासन जीवनरक्षक सहायता की बर्बादी, चोरी और दुरुपयोग के प्रति 'कतई बर्दाश्त नहीं' की नीति अपनाता है। बयान में कहा गया, विदेश मंत्रालय ने सोमाली संघीय सरकार को लाभ पहुंचाने वाले सभी मौजूदा अमेरिकी सहायता कार्यक्रमों को रोक दिया है। सहायता की बहाली इस बात पर निर्भर करेगी कि सोमाली संघीय सरकार अपने अस्वीकार्य कृत्यों की जिम्मेदारी लेती है और उपयुक्त सुधारात्मक कदम उठाती है। यह निलंबन ऐसे समय में किया गया है जब ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में सोमाली शरणार्थियों और प्रवासियों की आलोचना तेज कर दी है। इसमें मिनेसोटा में बाल देखभाल केंद्रों से जुड़े कथित धोखाधड़ी मामलों को लेकर व्यापक रूप से प्रचारित करने के आरोप भी शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# 2026 में दक्षिणी आकाश में होंगी कई खगोलीय घटनाएं



वर्ष 2026 में दक्षिणी आकाश में खगोलीय घटनाओं की भरमार रहेगी–अनुकूल समय पर पूर्ण चंद्रग्रहण, ब्लू मून और सुपरमून, दो सबसे चमकीले ग्रहों का एक–दूसरे के बेहद करीब आना और दिन के समय चंद्रमा के पीछे बृहस्पति का ओझल होना खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र होंगे। इनमें से एक को छोड़कर बाकी सभी घटनाएं सामान्य आंखों से देखी जा सकेंगी, यहां तक कि प्रकाश प्रदूषण वाले शहरों में भी। इन खास घटनाओं के अलावा, हर साल की तरह उल्का वर्षा और रात को तारामंडलों की परेड भी देखने को मिलेगी। हालांकि इन्हें ग्रामीण और अंधेरी जगहों से देखना बेहतर होता है, लेकिन इनमें से कई शहरों से भी दिखाई देंगी। वर्ष की कुछ प्रमुख खगोलीय घटनाओं का विवरण इस प्रकार है। मार्च, मई और दिसंबर में चंद्रमा की हलचल मंगलवार, तीन मार्च की शाम को चंद्रग्रहण होगा। इस दौरान पूर्णिमा का चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करेगा और लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई दे सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि पृथ्वी का वायुमंडल सूर्य के प्रकाश को परावर्तित कर चंद्रमा तक पहुंचाता है और यह प्रकाश लाल रंग का होता है–जो दुनिया भर के सूर्योदय और सूर्यास्त की आभा जैसा होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एशेज सीरीज में हेड ने ठोके सर्वाधिक 629 रन, मिचेल ने चटकाए 31 विकेट

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज 2025-26 के आखिरी टेस्ट मैच में 5 विकेट से हार मिली। कंगारू टीम को 161 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उन्होंने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने पूरी सीरीज में अपना दबदबा कायम रखा। इस बीच सीरीज में सर्वाधिक रन, सर्वाधिक विकेट और अन्य रिकॉर्ड पर एक नजर डालते हैं।

### इन बल्लेबाजों ने बनाए सर्वाधिक रन

ऑस्ट्रेलिया टीम के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 62.90 की औसत के साथ 629 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 शतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 170 रन रहा। हेड के अलावा और कोई भी बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना पाया। जो रूट दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 10 पारियों में 44.44 की औसत से 400 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 शतक निकला और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 160 रन रहा।

### मिचेल-कॉर्स ने चटकाए सबसे ज्यादा विकेट

मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उन्होंने 5 मैच की 10 पारियों में 19.93 की शानदार औसत के साथ 31 विकेट अपने नाम किए। स्टार्क ने 2 बार 5 विकेट हॉल लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 7/58 का रहा। दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के ब्रायडन कार्स रहे। उन्होंने 5 टेस्ट की 9 पारियों में 30.31 की औसत से 22 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/34 का रहा।






### जोश, स्टोक्स और आर्चर ने लिए 5 विकेट हॉल

एशेज सीरीज 2025-26 में स्टार्क के अलावा 4 गेंदबाजों ने 5 विकेट हॉल अपने नाम किए। इंग्लैंड के जोश टंग, बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने ये कारनामा किया। वहीं, कंगारू टीम के लिए माइकल नेसर ने 5 विकेट हॉल लिए। टंग ने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 18 विकेट चटकाए। नेसर और स्टोक्स के नाम सीरीज में 15-15 विकेट आए। वहीं, आर्चर सिर्फ 3 टेस्ट खेल पाए और इसकी 6 पारियों में 9 विकेट लेने में सफल रहे।

### रूट, हेड, केरी, स्मिथ व बेथल ने भी जड़े शतक

सीरीज में रूट और हेड के अलावा सिर्फ 3 बल्लेबाजों ने शतक लगाए। एलेक्स केरी ने 5 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक के साथ 46.14 की औसत से 323 रन बनाए। स्टीव स्मिथ के बल्ले से 4 टेस्ट की 8 पारियों में 1 शतक और 1 अर्धशतक के साथ 286 रन निकले। जैकब बेथल सिर्फ 2 टेस्ट खेले और इसकी 4 पारियों में 1 शतक की मदद से 51.25 की औसत से 205 रन बनाने में सफल रहे।

### सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद ऐसी है वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में ऑस्ट्रेलिया की कुल 7वीं जीत साबित हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में अपनी टॉप पोजिशन को और मजबूत किया। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान (48.15) पर है।

**शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड** : टॉप पर स्थित ऑस्ट्रेलिया की टीम ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अब तक कुल 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 7 मुकाबलों में उसने जीत (हार-1) दर्ज की। दूसरे स्थान पर फिलहाल न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम है। कीवी टीम ने अब तक 3 मैच खेले हैं, 2 में उसे जीत और 1 में हार मिली है।

#### भारत सहित अन्य टीमों की स्थिति

दक्षिण अफ्रीका ने 4 में से अपने 3 टेस्ट जीतकर तीसरे स्थान पर, श्रीलंका एक टेस्ट जीतकर चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान 1 जीत और 1 हार के साथ 5वें स्थान पर बनी हुई है। भारतीय टीम 9 टेस्ट में 4 जीत 4 हार और 1 ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है।

#### इंग्लैंड ने इस चक्र में अपनी छठी हार झेली

इंग्लैंड ने डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में अपनी छठी हार झेली। इंग्लिश टीम ने 10 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से उन्हें 3 में जीत मिली है और 1 टेस्ट उन्होंने ड्रॉ कराया है। फिलहाल इंग्लिश टीम 7वें स्थान पर मौजूद है। इंग्लैंड के नीचे बांग्लादेश 8वें और वेस्टइंडीज अंतिम 9वें स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप



### एसए20 शानदार मंच पर आईपीएल से तुलना नहीं

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी ने एसए20 लीग को दक्षिण अफ्रीका और दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए शानदार मंच करार दिया लेकिन साथ ही कहा कि इसकी तुलना इंडियन प्रीमियर लीग से नहीं की जा सकती। डुमिनी ने कहा कि एसए20 लीग की शुरुआत से स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को दुनिया भर के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने के अधिक अवसर मिल रहे हैं जिससे देश के क्रिकेट को फायदा हो रहा है। डुमिनी ने एसए20 द्वारा आयोजित ऑनलाइन मीडिया बातचीत के दौरान कहा, "मुझे नहीं लगता कि इसे आप आईपीएल के बराबर रख सकते हैं।

### राठौर बने श्रीलंका क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच

**कोलंबो।** पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को श्रीलंका क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। यह निर्णय टी-20 विश्व कप 2026 से पहले लिया गया है। राठौर ने राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्य किया था और वह 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत का हिस्सा भी रहे थे। श्रीलंका अब उनके अनुभव का लाभ उठाएगी। वह राजस्थान रॉयल्स से भी जुड़े हुए हैं। साल 2026 का विश्व कप भारत और श्रीलंका में होना है। विक्रम 15 जनवरी तक श्रीलंका की टीम से जुड़ने की उम्मीद है, क्योंकि टीम टी-20 विश्व कप की तैयारी में है।



### हरियाणा ने महिला वर्ग और दिल्ली ने पुरुष वर्ग में सेपकटकरा स्वर्ण जीता

**दीव।** हरियाणा की महिलाओं और दिल्ली के पुरुषों ने बिहार की उम्मीद तोड़ते हुए 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' (केआईबीजी) सेपकटकरा स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा ने महिला सेपकटकरा फाइनल में बिहार को एक घंटे 15 मिनट में 2-1 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में दिल्ली ने बिहार को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। गत चैम्पियन ओडिशा ने 'बीच सॉकर' में हिमाचल प्रदेश को 7-0 से हराकर महिला फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात ने अरुणाचल प्रदेश को 6-3 से मात दी।

### टी-20 विश्व कप से पहले तिलक की हुई सर्जरी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद फरवरी में टी-20 विश्व कप भी खेला जाएगा। इस प्रमुख टूर्नामेंट से पहले अपनी तैयारियों में जुटी भारतीय टीम के लिए चिंताजनक खबर है। दरअसल, भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा की 'टेस्टिकुलर टॉर्शन' की सर्जरी हुई है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 जनवरी से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो सकते हैं। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में हैदराबाद के आखिरी लीग स्टेज मैच से एक दिन पहले, 7 जनवरी को तिलक के पेट में दर्द हुआ।

ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़द मैच और मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़द सीरीज

# ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया, 4-1 से जीती एशेज सीरीज

एजेंसी ▶▶| सिडनी

एशेज सीरीज 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने 5वें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया। सिडनी टेस्ट में जीत के लिए मिले 160 रन के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मार्नस लाबुशेन के 37 रनों की बदौलत हासिल किया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने इस प्रतिष्ठित सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ़ द मैच और 31 विकेट हासिल कर मिशेल स्टार्क बने प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़।

### ऑस्ट्रेलिया की रही मजबूत शुरुआत

इंग्लैंड ने पहली पारी में जो रूट के शतक (160) की मदद से सभी विकेट खोकर 384 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (138) के शतकों की बदौलत 567 रन बनाते हुए बढ़त हासिल की। पहली पारी के आधार पर पिछड़ने वाली इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में जैकब बेथेल (154) के शतक की मदद से 342 रन बनाए। आखिर में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

### रूट ने शतकों में रिकी पोंटिंग की बराबरी की

रूट ने 160 और 6 रन के स्कोर किए। रूट ने शतकों के मामले में रिकी पोंटिंग की बराबरी की। बता दें कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पोंटिंग ने 168 टेस्ट में 41 शतकों की मदद से 13,378 रन बनाए थे। रूट अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरे सर्वाधिक शतक (41) वाले बल्लेबाज बने। टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ भारत के सचिन तेंदुलकर (51) और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस (45) ने लगाए हुए हैं।



### इस सूची में शुमार हुए रूट

रूट 21वीं सदी में एक एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए कम से कम 2 शतक लगाने वाले चौथे इंग्लिश बल्लेबाज बने। बता दें कि पूर्व इंग्लिश कप्तान माइकल वॉन ने 2002-03 में 3 शतक लगाए थे। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज एलिस्टर कुक ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 शतक अपने नाम किए थे। जोनाथन ट्रॉट ने 2010-11 में ऑस्ट्रेलिया में खेली गई एशेज सीरीज में 2 शतक जड़े थे।

### ट्रेविस हेड ने लगाया बड़ा शतक

हेड ने पहली पारी में 163 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 12वां और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 5वां टेस्ट शतक साबित हुआ। वह दूसरी पारी में 29 रन बनाकर आउट हुए। हेड ने एशेज सीरीज 2025-26 में 5 मैचों की 10 पारियों में 62.90 की औसत से 629 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 3 शतक भी लगाए है। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 500 रन भी नहीं बना सका।

### हेड 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे प्लेयर

क्रिकइंफो के अनुसार, हेड 21वीं सदी की शुरुआत से एशेज सीरीज में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले स्टीव स्मिथ, एलिस्टर कुक और माइकल वॉन ऐसा कर चुके थे। स्मिथ ने 2 बार 2019 में 774 रन और 2017-18 में 687 रन बनाए थे। कुक ने 2010-11 में 766 रन अपने नाम किए थे। वॉन ने 2002-03 में 633 रन बनाए थे।

### स्मिथ ने शतक में तोड़ा द्रविड़ का रिकॉर्ड

स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक लगाया। स्मिथ ने टेस्ट शतकों के मामले में भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। बता दें कि द्रविड़ ने 36 शतकों की मदद से 13,288 रन बनाए थे। स्मिथ अब टेस्ट क्रिकेट में छठे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। बता दें कि सर्वाधिक शतक तेंदुलकर (51) ने लगाए थे। उनके बाद कैलिस (45), पोंटिंग (41), रूट (41) और कुमार संगाकारा (38) हैं।यह एशेज सीरीज के इतिहास में स्मिथ का कुल 13वां शतक रहा। उन्होंने इस प्रतिष्ठित सीरीज में शतकों के मामले में जैक हॉब्स (12 शतक) को पीछे छोड़ा। अब एशेज में स्मिथ से ज्यादा शतक सिर्फ डॉन ब्रैडमैन (19) ने लगाए हुए हैं। इस शतकीय पारी के दौरान स्मिथ एशेज में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं।

बैडमिंटन

# सिंधू जीत के साथ मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां अपने से अधिक रैंकिंग वाली जापान की खिलाड़ी तोमोका मियाजाकी को हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने आठवीं वरीयता प्राप्त मियाजाकी को 33 मिनट में 21-8, 21-13 से हराया। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना चीन की गाओ फांग जी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### ऐसा रहा सिंधू का मियाजाकी से रोमांचक मुकाबला

तीस वर्षीय सिंधू ने वापसी करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और मियाजाकी के खिलाफ अपनी दूसरी जीत दर्ज की। इससे जापानी किशोरी के खिलाफ उनका करियर का रिकॉर्ड 2-1 हो गया है। सिंधू ने पहले गेम में 5-1 की बढ़त हासिल की और फिर लगातार 13 अंक जीतकर 18-4 की शानदार बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी काफी हद तक एकतरफा रहा, हालांकि 19 वर्षीय मियाजाकी 8-9 से पिछड़ने के बाद कुछ समय के लिए मुकाबले में बनी रहीं। लेकिन सिंधू ने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया और 17-11 से छह अंक की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्हें मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगा।

कोच पर केस दर्ज, जांच तक सस्पेंड रहेंगे

# नाबालिग शूटर को करियर बर्बाद करने की धमकी देकर किया था दुष्कर्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक नाबालिग महिला निशानेबाज ने राष्ट्रीय निशानेबाजी कोच अंकुश भारद्वाज पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़ित की शिकायत पर फरीदाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उसके खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। इस बीच नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने आरोपी कोच को जांच होने तक सस्पेंड कर दिया है। भारद्वाज एसोसिएशन द्वारा नियुक्त 13 नेशनल पिस्टल कोच में से एक है। आरोप के मुताबिक कोच ने 'परफॉर्मेंस इवैल्युएशन' के नाम पर पीड़ित को फरीदाबाद के सूरजकुंड स्थित एक होटल के कमरे में बुलाया और वहां उससे रेप किया। उसने पीड़ित को धमकी दी कि अगर वह इसके बारे में किसो को भी जानकारी देगी तो उसका करियर बर्बाद कर देगा और उसके परिवार को नुकसान पहुंचाएंगा।



**यह है मामला**

एफआईआर के मुताबिक घटना 16 दिसंबर को हुई। उस वक्त दिल्ली के डॉक्टर करनी सिंह शूटिंग रेंज में एक राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाजी प्रतियोगिता चल रही थी। एफआईआर के मुताबिक, कोच ने शुरुआत में पीड़ित से होटल की लॉबी में मिलने को कहा था लेकिन बाद में उसने परफॉर्मेंस इवैल्युएशन के नाम पर निशानेबाज पर होटल के कमरे में चलने का दबाव डाला।

### पॉक्सो के तहत केस दर्ज

बाद में पीड़ित ने जब अपने परिवार को इस बारे में जानकारी दी तब उन्होंने मंगलवार को फरीदाबाद के एनआईटी महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई। अंकुश भारद्वाज के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट की धारा 6 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 351 (1) के तहत केस दर्ज किया गया है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। उसने संबंधित होटल से घटना वाले दिन के सभी सीसीटीवी फुटेज मांगा है। अभी कोच की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## पूनम ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गत चैंपियन साक्षी को हराकर उलटफेर किया

**ग्रेटर नोएडा।** युवा विश्व चैंपियनशिप की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पूनम पूनिया ने बृहस्पतिवार को यहां 54 किग्रा वर्ग में गत चैंपियन साक्षी चौधरी को शिकस्त दी जिससे राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पहला बड़ा उलटफेर हुआ। रेलवे की 23 वर्षीय मुक्केबाज और अंडर-22 एशियाई चैंपियन पूनम ने आक्रमकता दिखाते हुए साक्षी पर 4-1 के विभाजित फैसले में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने आराम से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। निकहत ने मणिपुर की लांचेनबी चानू को सर्वसम्मत फैसले में हराया जबकि लवलीना ने आंध्र प्रदेश की मौनिका कल्याणम बॉन्थू पर आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज की।

## बीसीबी ने फिर की आईसीसी को विश्व कप के मैचों का स्थान बदलने की मांग

### खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को आईसीसी को दूसरा पत्र लिखकर टी-20 विश्व कप के लिये भारत आने को लेकर सुरक्षा चिंतायें जताई और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग दोहराई। विश्व कप सात फरवरी से शुरू हो रहा है और बांग्लादेश को कोलकाता में तीन तथा मुंबई में एक मैच खेलना है। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल से बाहर रखने के फैसले के बाद बांग्लादेश ने विश्व कप खेलने भारत आने से इनकार कर दिया। क्रिकेट बोर्ड के एक करीबी सूत्र ने पीटीआई को बताया ," खेल मंत्रालय के सलाहकार आसिफ नजरूल से मशविरे के बाद बीसीबी ने आईसीसी को फिर पत्र लिखा है। आईसीसी जानना चाहती थी कि सुरक्षा को लेकर उसकी क्या चिंतायें हैं और बीसीबी ने इससे अवगत कराया है।" उन्होंने पत्र के ब्यौरे के बारे में नहीं बताया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अभी तक इस पर चुप्पी साध रखी है और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से पूछा है कि सुरक्षा को लेकर उसकी क्या आशंकायें हैं। समझा जाता है कि बीसीबी खुद इस मसले पर बंटा हुआ है। बोर्ड का एक गुट नजरूल के कट्टर रवैये का पक्षधर है तो दूसरा गुट आईसीसी और बीसीसीआई से बातचीत का विकल्प खुला रखना चाहता है।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ से नवाजे गए मिचेल, शेफाली, ग्रीव्स और डफी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दिसंबर 2025 के 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को नामांकित किया। उन्होंने एशेज सीरीज 2025-26 में अपनी गेंदबाजी से अंतर पैदा किया।

आईसीसी ने स्टार्क के अलावा वेस्टइंडीज के जस्टिन ग्रीव्स और न्यूजीलैंड के जैकब डफी को भी नामित किया। महिलाओं में भारत की शेफाली वर्मा, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट और सुने लुस को नामांकित हुई हैं।





### स्टार्क ने एशेज सीरीज में लिए 31 विकेट

स्टार्क ने दिसंबर 2025 में एशेज सीरीज के दौरान गेंदबाजी में 16 विकेट लिए थे और बल्लेबाजी में 139 रन बनाए थे। एशेज 2025-26 में स्टार्क ने 10 पारियों में 19.93 की औसत के साथ 31 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58 रन पर 7 विकेट लेना रहा। कोई भी दूसरा गेंदबाज 25 विकेट के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाया है।

### दिसंबर में शेफाली ने किया था कमाल

दिसंबर 2025 में शेफाली ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में कमाल किया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज ने 5 पारियों में 80 की औसत से 241 रन बनाए थे। वोल्वार्ड्ट ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में लगातार 2 शतक (124 और 100*) रन बनाए थे। वह सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थी। उनकी साथी खिलाड़ी लुस ने आयरलैंड के विरुद्ध सीरीज में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया था।

### ग्रीव्स का ऐसा रहा प्रदर्शन

ग्रीव्स ने न्यूजीलैंड में खेली गई टेस्ट सीरीज में 6 पारियों में 56.60 की औसत के साथ 283 रन बनाए थे। वह अपनी टीम की ओर से उस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट में नाबाद दोहरा शतक 202* लगाया था और मैच को ड्रॉ कराया था।

चीन में होने वाली स्पर्धा के लिए 18 सदस्यीय टीम घोषित

# एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे तूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता गोला फेंक (शॉट-पुट) खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर छह से आठ फरवरी तक चीन के तियानजिन में होने वाली 12वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 18 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए तीन फरवरी को रवाना होगी। तूर के अलावा युवा गोला फेंक खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल भी शामिल हैं।






### लंबी कूद और फर्राटा धावकों से लबरेज है टीम

लंबी कूद के खिलाड़ी शाहनवाज खान और त्रिकूद में अनुभवी खिलाड़ी प्रवीण चित्रवेल भी नए सत्र की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन) और मणिकांत होब्लिधर (60 मीटर) इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पुरुष टीम के अन्य प्रमुख खिलाड़ी हैं। देश की शीर्ष महिला फर्राटा धाविका नित्या गंधे और अभिनया राजाराजन 60 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जबकि मौमिता मंडल महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ और लंबी कूद में भाग लेंगी।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**पुरुष** : मणिकांत होबलीधर (60 मीटर), तेजस शिरसे (60 मीटर बाधा दौड़), जे आदर्श राम (ऊंची कूद), सीवी अनुराग और शाहनवाज खान (लंबी कूद), प्रवीण चित्रवेल (त्रिकूद), समरदीप सिंह गिल, तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), तेजस्विन शंकर (हेप्टाथलॉन)।

**महिला** : नित्या गंधे, अभिनया राजराजन (60 मीटर), मौमिता मंडल और प्रज्ञान प्रशांति साहू (60 मीटर बाधा दौड़), पूजा (ऊंची कूद), एंसी सोजन और मौमिता मंडल (लंबी कूद), योगिता (शॉट पुट) और केए अनामिका (पेंटाथलॉन)।




## वीमर प्रारूप बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# भारत का यूरोप के साथ जुड़ाव लगातार बढ़ रहा, वीमर देश इसमें अहम साझेदार


एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पेरिस में भारत वीमर प्रारूप की पहली बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत के साथ पोलैंड, फ्रांस और जर्मनी के विदेश मंत्री भी शामिल हुए। पोलैंड की ओर से डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की, फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट और जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल मौजूद थे। डॉ. जयशंकर ने कहा कि यह पहली बार है जब भारत इस प्रारूप में शामिल हुआ है।

इस बैठक में तीन अहम मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें पहला भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते। दूसरा इंडो पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति और तीसरा यूक्रेन से जुड़ा संघर्ष का मुद्दा।

**बैठक के मुद्दे**

- भारत और यूरोपीय संघ के रिश्ते
- इंडो पैसिफिक क्षेत्र की स्थिति
- यूक्रेन से जुड़ा संघर्ष का मुद्दा


पेरिस में वीमर प्रारूप की पहली बैठक में चर्चा करते विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### आमंत्रण के लिए फ्रांस का आभार जताया

बैठक के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह नया प्रारूप भारत और यूरोप के बीच जुड़ाव को और मजबूत करेगा। उन्होंने बैठक के निमंत्रण के लिए फ्रांस के विदेश मंत्री बैरोट का आभार जताया। बता दें, वीमर प्लस समूह की स्थापना वीमर त्रिकोण (फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड) के विस्तार के रूप में की गई थी, जिसमें यूनाइटेड किंगडम, इटली, स्पेन और यूरोपीय आयोग को प्रतिभागियों के रूप में शामिल किया गया था, जिसमें विदेश मंत्री प्राथमिक प्रतिनिधियों के रूप में कार्य करते थे।

## *विवाद के बीच बांग्लादेश ने वीजा पाबंदियों को किया और सख्त*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कट्टरपंथी उस्मान हादी की मौत के बाद तेजी से बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ अपनी वीजा पाबंदियों को और अधिक कड़ा कर दिया है। जिसके तहत अब उसके द्वारा बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़कर भारतीयों को दी जाने वाली सभी वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में मुंबई, गुवाहाटी और चेन्नई स्थित बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावासों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। गुरुवार को इसका प्रत्यक्ष प्रभाव इन तमाम जगहों पर देखने को मिला। जिसके तहत दूतावासों में कामकाज तो हुआ। लेकिन उन्होंने इसके साथ ही भारतीयों के लिए अपनी सामान्य वीजा सेवाएं बंद रखीं। पड़ोसी देश के मीडिया में जारी खबरों के माध्यम से यह जानकारी मिली है। जिनके मुताबिक, नए प्रतिबंधों के तहत कोलकाता में बांग्लादेश ने अपने उप-उच्चायोग में काउंसलर और वीजा सेवाओं पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। जबकि चेन्नई और मुंबई में पर्यटक सहित बाकी वीजा सेवाएं रोकी गई हैं। बीते बुधवार को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत को लेकर वीजा सेवाओं पर जो रोक लगाई है। जिसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। फैसले के दिन ही यानी 7 जनवरी को बांग्लादेश ने भारत में मौजूद अपने तमाम राजनयिक परिसरों को इस बाबत सूचित भी कर दिया था।

**»** ***बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़कर रद्द की गई सभी वीजा सेवाएं***


---

- **हमलावरों** ने पीछा कर कार में अंधाधुंध फायरिंग की मौत के घाट उतारा
- **ईरान में** आर्थिक संकट के चलते हो रहे विरोध प्रदर्शनों से कानून-व्यवस्था और खराब
- **इस** हत्याकांड की जिम्मेदारी जैश अल-अदल संगठन ने ली

# ईरान में बिगड़े हालात, दो दिन में दूसरे पुलिस अफसर की हत्या

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में आर्थिक संकट के चलते हो रहे विरोध प्रदर्शनों से कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें सिस्तान और बलूचिस्तान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिसकर्मी को मार डाला। यह तब हुआ है जब ईरान पहले ही सकट में घिरा है और कई शहरों में लोग जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार विरोधी प्रदर्शन ईरान के 31 में से कम से कम 25 प्रांतों में फैल गए हैं, जिसमें सुरक्षा बलों के जवानों सहित दर्जनों लोग मारे गए हैं। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि अज्ञात हमलावर एक पुलिस कार पर तब तक गोलियां चलाता है जब तक कि वह सड़क से उतरकर दुर्घटनाग्रस्त नहीं हो गई। यह वीडियो हमलावर की गाड़ी से शूट किया गया है, जिसमें वह खिड़की से बाहर झुका हुआ दिख रहा है और सिर्फ बंदूक की नोक दिखाई दे रही है और वह लगातार पुलिस कार पर गोलियां चला रहा है।



### निशाने पर है धार्मिक शासन

ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मारे गए पुलिसकर्मी की पहचान महमूद हकीकत के रूप में हुई है। वाना न्यूज एजेंसी के अनुसार, आतंकवादी संगठन जैश अल-अदल, जो खुद को बलूच अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ज्यादा अधिकारों की मांग करने वाला बताता है, ने कथित तौर पर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस सुन्नी आतंकवादी समूह ने हाल ही में ईरान के धार्मिक शासन को निशाना बनाने के लिए एक नया गठबंधन बनाने के लिए कई छोटे बलूच अर्धसैनिक समूहों के साथ हाथ मिलाया है।

### सरकार के खिलाफ लोगों का गुस्सा

ईरान से इस तरह के वीडियो भी सामने आए हैं जहां प्रदर्शनकारी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व वाली ईरान की इस्लामी सरकार के खिलाफ मार्च करते और 'जब तक मुल्ला को दफनाया नहीं जाता, यह वतन आजाद नहीं होगा' और 'मुल्लाओं को ईरान छोड़ देना चाहिए' जैसे नारे लगाते दिखे। प्रदर्शन शुरू होने के बाद से 30 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। हजारों लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

### पूरे ईरान में फैले प्रदर्शन

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, राजधानी तेहरान के पास हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई चाकूबाजी में एक और ईरानी पुलिस अधिकारी की मौत हो चुकी है। देश में शुरू हुए विरोध प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी है। प्रदर्शन पिछले महीने तेहरान के सदियों पुराने ग्रैंड बाजार में शुरू हुए थे, जहां दुकानदारों ने ईरान की रियाल मुद्रा में भारी गिरावट के विरोध में अपने कारोबार बंद कर दिए थे। तब से, आर्थिक स्थिति बिगड़ने, पश्चिमी प्रतिबंधों, कुप्रबंधन और राजनीतिक और सामाजिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंधों को लेकर जनता के गुस्से के कारण प्रदर्शन पूरे देश में फैल गए हैं।

### देश छोड़ने जा रहे बड़े नेता

ईरान में गहराते आर्थिक संकट और देशभर में भड़कते विरोध प्रदर्शनों के बीच अब सत्ता के शीर्ष स्तर पर भी बेचैनी साफ दिखने लगी है। फ्रांस के प्रतिष्ठित अख़बार ले फिगारो ने ईरानी-फ्रांसीसी पत्रकार इमैनुएल रजावी के हवाले से दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में ईरान के सुधारवादी गुट से जुड़े कई बड़े नेता यहां तक कि संसद (इस्लामिक असेंबली) के अध्यक्ष भी अपने परिवारों के लिए फ्रांसीसी वीज़ा हासिल करने की कोशिश में लगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन नेताओं ने पेरिस में एक वकील के जरिए वीजा प्रक्रिया शुरू की है।

## डीआरआई ने 40 करोड़ से ज्यादा का सोना जब्त किया



**नई दिल्ली।** सीमा पार तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने दिल्ली और अगरतला में तलाशी की और दुबई और बांग्लादेश से काम करने वाले एक बड़े इंटरनेशनल सोने की तस्करी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 29 किलो से अधिक का विदेशी सोना और लगभग 2.90 करोड़ नकद जब्त किया गया। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। 6 जनवरी को एक बड़े सिंडिकेट सदस्य को पकड़ा। एक घरेलू लॉजिस्टिक्स वेयरहाउस से गिरफ्तार किया गया, जब वह अगरतला, त्रिपुरा से आई दो खेप की डिलीवरी ले रहा था।

## शरजील की कोर्ट में दलील, उमर गुरु नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी और एक्टिविस्ट शरजील इमाम ने गुरुवार को एक अदालत में बताया कि पुलिस का यह यह आरोप सरासर गलत है कि उमर खालिद उसका मेंटर या गुरु था। शरजील इमाम ने यह भी दावा किया कि जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच बातचीत नहीं होती थी। इमाम की तरफ से पेश हुए वकील तैयब मुस्तफा ने कहा कि उनके मुवक्किल और खालिद के बीच कोई कनेक्शन नहीं है। साजिश को साबित करने के लिए पुलिस को दोनों के बीच समझौता दिखाना आवश्यक है। लेकिन वे कोई अग्रीमेंट दिखाने में असफल रहे हैं।

# बेटे की मौत से दुखी वेदांता प्रमुख 75% संपत्ति करेंगे दान

**न्यूयॉर्क।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने अपने बेटे अग्निवेश की अमेरिका में असामयिक मृत्यु के बाद समाज को अपनी संपत्ति का 75% से अधिक हिस्सा दान करने की अपनी लंबे समय से चली आ रही प्रतिज्ञा को दोहराया है। उद्योगपति ने अपने बेटे के आत्मनिर्भर भारत के विचार को दोहराते हुए कहा कि अग्निवेश का मानना था कि देश में किसी चीज की कमी नहीं है और उसे कभी पीछे नहीं रहना चाहिए। एक भावुक पोस्ट में उन्होंने एक्स पर लिखा, हमारा एक सपना था कि कोई बच्चा भूखा न सोए, किसी बच्चे को शिक्षा से वंचित न होना पड़े, हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो सके और हर युवा भारतीय को सार्थक काम मिले। मैंने अग्नि से वादा किया था कि हमारी कमाई का 75% से अधिक समाज को वापस दिया जाएगा। उन्होंने आगे लिखा, आज मैं उस वादे को दोहराता हूं व और भी सरल जीवन जीने का संकल्प लेता हूं।



### कार्डियक अरेस्ट से गई जान

अग्रवाल ने इस दिन को अपने जीवन का सबसे अंधकारमय दिन बताया। उन्होंने कहा कि उनका बेटा स्कीइंग दुर्घटना के बाद अच्छी तरह से स्वस्थ हो रहा था, लेकिन अचानक आई चिकित्सीय समस्या के कारण उसकी जान चली गई। अग्रवाल ने बताया कि अग्निवेश न्यूयॉर्क के माउंट साइनाई अस्पताल में इलाज करा रहे थे और माना जा रहा था कि वह खतरे से बाहर हैं। उन्होंने लिखा, हमें लगा था कि सबसे बुरा दौर गुजर चुका है। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था और अचानक हुए कार्डियक अरेस्ट ने हमारे बेटे को हमसे छीन लिया। कोई भी शब्द उस दर्द का वर्णन नहीं कर सकता जो एक माता-पिता महसूस करते हैं जब उन्हें अपने बच्चे को विदाई देनी पड़ती है। एक बेटा अपने पिता से पहले नहीं जाना चाहिए। यह दुख हमें अंदर तक तोड़ गया है और हम अभी भी इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं।

## व्यापार, इनोवेशन, प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में हुई चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि उन्होंने लिकटेंस्टीन की डिप्टी पीएम और विदेश मामलों की मंत्री सबाइन मोनाउनी से दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से बातचीत की है। पीयूष गोयल ने 'एक्स' पर बताया कि बातचीत के दौरान व्यापार विस्तार, इनोवेशन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी से जुड़े अवसरों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत-ईएफटीए टीईपीए के संचालन के बाद पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर भी विचार किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह एक अनोखी साझेदारी है, जिसमें भारत प्रतिभा, विशाल क्षमता और मजबूत मांग प्रदान करता है।

**भारत और लिकटेंस्टीन के बीच अहम बैठक**

## खरीदें जाएंगे स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन, 2000 करोड़ खर्च होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना स्वदेशी 'सुसाइड' ड्रोन या लोइटरिंग म्यूनिशन की बड़ी खेप खरीदने जा रही है। ये आत्मघाती ड्रोन विस्फोटकों से लैस होंगे और दुश्मन के इलाके में घुसकर उनके ठिकाने को तबाह कर देंगे। ये ऐसे ड्रोन हैं, जो जैमिंग (रडार सिग्नल जाम करने) और स्पूफिंग (गलत रडार सिग्नल भेजने) वाले माहौल में भी अपना काम पूरा करने में सक्षम होते हैं। इस ऑर्डर को पूरा करने के लिए कई भारतीय कंपनियां आगे आएंगी, ताकि विदेशी कंपनियों पर से निर्भरता कम हो सके और आत्मनिर्भर भारत की मुहिम आगे बढ़ सके। इस ऑर्डर से एक ऐसा स्वदेशी औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार होगा, जिससे सेना को जब भी जरूरत पड़े, भारतीय कंपनियां ऐसे सिस्टम तैयार करके दे सकें।

**भारतीय सेना का अहम फैसला**

## ऊर्जा समझौते के तहत साल भर 1.80 टन डीजल खरीदी पर तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच ऊर्जा सहयोग को लेकर एक अहम समझौता हुआ है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जनवरी से दिसंबर 2026 के बीच भारत से 1 लाख 80 हजार टन डीजल आयात करने का फैसला किया है। यह डीजल भारत की सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड की सहायक इकाई नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड से खरीदा जाएगा। इस डीजल आयात को बांग्लादेश की सरकारी खरीद पर सलाहकार समिति ने मंजूरी दी है। सचिवालय में मंगलवार को हुई बैठक में वित्त सलाहकार सालेहुद्दीन अहमद की अध्यक्षता में यह फैसला लिया गया। इससे पहले अक्टूबर में आर्थिक मामलों पर सलाहकार समिति ने 2026 के लिए ईंधन आयात को स्वीकृति दी थी।

**भारत के आगे झुका बांग्लादेश**

## महज 24 घंटे में बनाई 29 किमी सड़क, बन गया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**तेलंगाना (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश में सड़क निर्माण के क्षेत्र में एक नया रिकॉर्ड स्थापित हुआ है। बुधवार को मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा इकोनॉमिक कॉरिडोर (एनएच-544जी) के निर्माण के दौरान दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि इस परियोजना के तहत महज 24 घंटे में 28.95 लेन-किलोमीटर सड़क निर्माण और 10,675 मीट्रिक टन बिटुमिनस कंक्रीट बिछाने का रिकॉर्ड बनाया गया। ये उपलब्धि प्राइवेट कंपनी राजपथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से हासिल की गई। नायडू ने इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय केंद्र सरकार के विजन और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व को दिया।

**आंध्र प्रदेश में रचा इतिहास**




## बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना का अंतरिम सरकार पर बड़ा आरोप

**हादी हत्याकांड से भारत को जोड़ना पूरी तरह निराधार**

# हिंदुओं की हत्याएं एक पैटर्न का हिस्सा अशांति के लिए यूनुस ही 'जिम्मेदार'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा है कि बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के लिए जिम्मेदार पूरी तरह से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार और तख्तापलट के बाद उसके द्वारा सशक्त की गई चरमपंथी ताकते हैं।

बांग्लादेश को हिंसा की आग में झोंकने वाले उस्मान हादी हत्याकांड पर उन्होंने कहा कि इस मामले को भारत से जोड़ने का प्रयास जानबूझकर और पूरी तरह से निराधार है। बांग्लादेश अल्पसंख्यकों के लिए लगातार असुरक्षित होता जा रहा है क्योंकि सरकार सभी नागरिकों की समान रूप से रक्षा करने के अपने सबसे बुनियादी कर्तव्य में विफल रही है।


मोहम्मद यूनुस, पूर्व पीएम शेख हसीना

**यूनुस सरकार रक्षा करने के बुनियादी कर्तव्य में विफल**

### *धार्मिक रूप से प्रेरित हिंसा को वैध बनाया गया*

*पूर्व पीएम ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था को बहाल करने के बजाय, अंतरिम अधिकारियों ने देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया है, मनगढ़ंत राजनीतिक आरोपों पर सैकड़ों हजारों नागरिकों को हिरासत में ले लिया है, धार्मिक रूप से प्रेरित हिंसा को वैध बना दिया है। कानून के शासन की जगह भीड़ की हिंसा को लेने की अनुमति दी गई है। इसके घरेलू स्तर पर विनाशकारी परिणाम होंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारी प्रतिष्ठा को स्थायी नुकसान होगा। चुनिंदा जगह कानून लागू करके या धमकी देकर कानून और व्यवस्था बनाए नहीं रखी जा सकती।*

### तारिक वास्तविकताओं से दूर

पूर्व पीएम ने कहा कि तारिक रहमान सालों से लंदन में निर्वासन में रह रहे थे, जो आम नागरिकों द्वारा सामना की जाने वाली दैनिक वास्तविकताओं से बहुत दूर है। सार्वजनिक धन के गबन में अपनी दिवंगत मां, पूर्व प्रधान मंत्री खालिदा जिया को उकसाने में अपनी भूमिका के कारण वह देश छोड़कर भाग गए थे। यह राजनीतिक असहमति का मामला नहीं है, बल्कि जवाबदेही और अखंडता का मामला है।

### अपराधियों पर मुकदमा नहीं

शेख हसीना ने कहा कि धार्मिक हिंसा के भयानक कृत्यों के अपराधियों पर कभी भी मुकदमा नहीं चलाया गया और उनके पीड़ितों को न्याय से वंचित किया गया, जबकि यूनुस स्वयं इन कृत्यों के पीछे स्पष्ट रूप से धार्मिक प्रेरणाओं से इनकार करते रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28